प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

किसी का अच्छा ना कर सको तो बुरा भी मत करना क्योंकि दुनिया कमजोर हैलेकिन दुनिया बनाने वाला नहीं!!!

श्रीमद भगवद गीता

www.purvanchalsurya.com

# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306







| वर्ष - 17 | अंक 207 | दैनिक | रांची | रविवार 10 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00 |
|---|---|---|---|---|---|---|




शिशु देखभाल अवकाश योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते अधिकारीगण

# झारखण्ड सरकार का प्रयास
# मिले बच्चों को मां का दुलार ...

वर्षों से ममता मांग रही थी अवकाश .... झारखंड सरकार ने ममत्व को समझा और दिया उपहार .. अब झारखण्ड सरकार में कार्यरत नौकरीपेशा महिलाएं ले सकेंगी **730 दिनों का मातृत्व अवकाश..**

## शिशु देखभाल अवकाश योजना

महिलाकर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए पूरे कार्यकाल में दो वर्षों की छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ तलाकशुदा और एकल पुरुषों को भी मिलेगा। महिलाकर्मियों को नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए मिलेगी 730 दिनों की छुट्टी।

## सरकार के महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनायें

- सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत राज्य की सभी महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का लाभ।
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 8 लाख से अधिक बेटियों को आर्थिक सहायता
- राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुनर्विवाह हेतु विधवा महिलाओं को ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- 30 हज़ार से अधिक माताओं - बहनों को फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत जोड़ा गया।
- सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को विगत 4 वर्षों में ₹9 हजार करोड़ से अधिक राशि बैंक क्रेडिट
- पलाश ब्रांड बना लाखों महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायक



**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR - 322032 (IPRD ) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# हजारीबाग के बीजेपी लोस प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी, कटकमदाग और पदमा क्षेत्र के 30 गांवों का किया तुफानी दौरा

## आगामी लोस चुनाव में मांगा समर्थन, कहा देश के लिए तीसरी बार बनाए मोदी सरकार

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** हजारीबाग के बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को कटकमसांडी, कटकमदाग और पदमा प्रखंड क्षेत्र के 16 पंचायतों के करीब 30 गांवों का किया तुफानी दौरा किया और बीजेपी और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग और कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में करीब 14 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया और क्षेत्र के कई आयोजनों में भी शामिल हुए। सभी जगहों पर लोगों ने लोगों ने गाजे बाजे के साथ अभूतपूर्व अभिनंदन कर अपना पुरजोर समर्थन करने का भरोसा जताया। लोगों में देश में नरेंद्र मोदी और हजारीबाग में मनीष जायसवाल को चुनने को लेकर खड़ा उत्साह देखी जा रही है।

**कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में 82 लाख की विकास योजनाओं का दिया सौगात, एक दर्जन गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान :** भाजपा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के 6 पंचायतों के एक दर्जन गांवों का सघन दौरा किया और करीब 82 लाख की विकास योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल निशान पर मतदान करने का अपील करते हुए सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। मनीष जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के कुंडीलबागी, ढेंगुरा, दामोडीह, रेवाली, मसरातु, पसई, बानादाग, कटकमदाग, सुल्ताना और पकरार में जनसंपर्क अभियान चलाया। सभी जगहों पर लोगों ने गाजे- बाजे के साथ भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का अभूतपूर्व स्वागत किया।

**भाजपा सांसद प्रत्याशी का कटकमसांडी में हुआ अभूतपूर्व स्वागत, करीब 13 करोड़ की विकास योजनाओं का दिया सौगात** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को तुफानी जनसंपर्क अभियान



चलाया और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाके में करीब 13 करोड़ की विकास योजनाओं का सौगात दिया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत कंचनपुर पंचायत के ग्राम हेदलाग से की। यहां 97 लाख की लागत के ग्रामीण पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। यहां से कंचनपुर पहुंचे जहां श्री श्री 1008 श्री पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय यज्ञ के जल यात्रा में शामिल हुए। जिसके बाद छड़वा डैम, काली मंदिर से मां के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा की छड़वा के इस काली मंदिर परिसर के विकास के लिए मैं कटिबद्ध हूं और रहूंगा। उन्होंने कहा की आज इस परिसर के विकास की कड़ी में एक ओर प्रयास धरातल पर आया जब मैंने यहां अपने विधायक निधि की राशि 15 लाख रुपए से निर्मित एक खुबसूरत सामुदायिक भवन का सौगात दिया। जिसके बाद प्रखंड क्षेत्र के 08 पंचायत के करीब डेढ़ दर्शन गांवों का तुफानी दौरा कर स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं की सौगात दी साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील भी किया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर, पबरा, कंडसार, डाड, बेलरगड्डा, शाहपुर डाटोखुर्द और रेबर पंचायत के करीब 18 गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। पबरा में विधायक निधि की राशि 3 लाख से पीएससी पथ, कंडसार में 80 लाख से स्कूल उन्नयन कार्य, नवादा में एक करोड़ की लागत के सड़क निर्माण, डाड में 1.6 करोड़ की लागत से स्कूल उन्नयन कार्य, कटकमसांडी मुख्यालय में करीब 4.5 करोड़ की लागत से बीडीओ/ सीओ सहित अन्य कर्मचारियों का आवास निर्माण, कटकमसांडी के खैरा में नदी पर 5 करोड़ की लागत के पुल निर्माण और उलांझ में 3.5 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण कार्य का उद्घाटन- शिलान्यास कर जनता को सौगात दिया।

**पदमा प्रखंड के कुटीपिसी और नावाडीह में मनीष जायसवाल को मिला अपार जनसमर्थन** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र स्थित पदमा प्रखंड के ग्राम कुटीपिसी और नावाडीह में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान चलाया तो लोगों ने पुरजोर समर्थन का भरोसा उन्हें जताया। मनीष जायसवाल के स्वागत में गाजे बाजे के साथ देर शाम तक लोग यहां इंतजार करते रहे और उनका शानदार स्वागत किया।

**वर्तमान समय में देश की पुकार हैं मोदी सरकार, लोस चुनाव में कमल खिलाएं, तीसरी बार मोदी सरकार बनाए- मनीष जायसवाल** :हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल ने अपने दौरे और जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कहा की हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में आपका बेटा/भाई बनकर करीब 10 वर्षों तक सेवा में कोई कमी नहीं की और विकास को गति प्रदान किया है जिसका आईना आपके समक्ष है। पिछले करीब 10 सालों में मोदी सरकार ने आपके जीवन में कई व्यापक बदलाव लाया है और विकास के देश देश के मान को संपूर्ण दुनिया में बढ़ाया है। इसीलिए वर्तमान समय में देश की पुकार हैं मोदी सरकार ही चाहिए। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा की हजारीबाग लोकसभा चुनाव में कमल खिलाएं और तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर मुझे भी संसद में आपकी आवाज उठाने का मौका दें।

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद:** मौके पर कटकमदाग प्रखंड में मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि इंद्रनाथ कुशवाहा, जिला महामंत्री भाजयुमो आशीष कुमार गुप्ता, पूर्व प्रमुख अशोक कुमार यादव विधायक प्रतिनिधि लीलावती देवी संध्या देवी शंभूगोप, पीयूष राणा, प्रेमजीत शर्मा,बैजनाथ यादव, शंकर यादव और पदमा क्षेत्र में दर्जनों भाजपा नेता और समर्थक मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तसनालो गांव में आयोजित



**प्रतिनिधि, चुरचू।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज चुरचू पंचायत के तसनालो गांव मैं मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी। उपस्थित थी।कार्यक्रम का शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को फलदार पौधे दिया गया।प्लान संस्थान ने चुरचू पंचायत में विभिन्न गांव में वैसी किशोरी बच्चियों जो की पढ़ाई छोड़कर घर में बैठी हुई है। वैसी किशोरी बच्चियों को ढूंढ कर एकत्रित कर समूह में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से साक्षर करना एवं आत्मनिर्भर बनाना है।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने अध्यनरत किशोरियों को साइकिल एवं बैग का भी वितरण किया कार्यक्रम में उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी। सीडीपीओ चुरचू ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चुरचू। चुरचू पंचायत मुखिया, बहेरा पंचायत प्लान संस्थान के रंजीत कुमार। जैसे कई लोग उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से महिलाओं को किया गया सम्मानित

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया।इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने महिलाओं के संघर्षों और जुनून को पहचानने और उनका समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने



महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के महत्व को उजागर किया। उन्होंने कहा कि हमें महिला और पुरुषों में विभेद नहीं करना चाहिए क्योंकि हम सब इंसान हैं और हमें इंसान बनने की ज़रूरत है।महिलाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए डॉ गोविंद ने कहा कि पुरुष शिक्षित होता है तो सिर्फ एक पीढ़ी को शिक्षित कर सकता है लेकिन एक महिला शिक्षित होती है तो वह कई पीढ़ियों को शिक्षित कर देती है। उन्होंने कहा कि समय बदला है।अब नारियां हर क्षेत्र में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रहीं हैं। ऐसे में हम सभी को उन्हें अवसर देने की आवश्यकता है। नारियों के उत्थान से ना केवल आधी आबादी बल्कि देश का भी उत्थान और विकास संभव है। राष्ट्रीय विकास की आधारशिला के रूप में महिलाओं के सशक्तिकरण को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।बता दें कि इस मौके पर सह प्राध्यापिका पूजा सिंह, कुमारी सीमा, सह प्राध्यापक विजय लाल और रितेश कुमार की मधुर आवाज़ ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं कुमारी काजल सोनी और शिवजी की कविता ने समां बांध दिया।

इस कार्यक्रम के दौरान स्पून कंचा, दमसरास, म्यूजिकल बॉल पासिंग, डंडा पासिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के आखिर में विश्वविद्यालय की ओर से सभी महिला कर्मियों को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव कुमार, मो शमीम अहमद, रविकांत कुमार, अमित कुमार, आदित्य कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

धन्यवाद ज्ञापन रविकांत कुमार ने किया।

## डोकाटांड महाशिवरात्रि मेला का विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काटकर किया उद्घाटन

### महाकाल ग्रुप के द्वारा महाभंडारा सह प्रसाद वितरण का आयोजन किया



**प्रतिनिधि, बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत के डोकाटांड़ में महाशिवरात्रि मेला सह आर्केस्ट्रा का उद्घाटन बतौर अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काटकर किया। सबसे पहले हर हर महादेव के जयघोष के साथ शिवरात्रि पूजा समिति के सभी सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत सह सम्मान किया गया। सभा संचालन शिव शंकर साव एवं राजकुमार साव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विधायक अम्बा प्रसाद ने मेला को संबोधित करते हुए शांतिपूर्ण पूजा पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठायें।वहीं आर्केस्ट्रा कार्यक्रम म्यूजिक मस्ती नाइट शो के प्रोपराइटर बसंत राज अन्य कलाकारों

द्वारा प्रस्तुत की गई। कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य एवं गाना प्रस्तुत की गई जिसमें लोगों ने देर शाम तक झूमते नजर आए। महाकाल ग्रुप डोकाटांड के द्वारा महाभंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।मौके पर महाशिवरात्रि पूजा समिति संयोजक शिवशंकर साव , अध्यक्ष दिवाकर कुमार उर्फ दीपक, राजकूमार साव,सचिव त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता ,कोषाध्यक्ष गुर्जर भाई, विधायक प्रतिनिधि जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका साव,उपाध्यक्ष रोहित कुमार ,संगठन मंत्री हरी साव ,उपसचिव प्रदीप ,दीपन साव ,कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार, संजीत कुमार ,धीरज कुमार राणा ,दीपक उर्फ मनसा, पंकज कुमार, बबलू कुमार, दुलारचंद ,गौतम राणा ,अरुण साव,देवकी कुमार,धर्मेंद्र साहू, संतोष कुमार ,मनोज साव, विशाल कुमार ,विक्की कुमार ,हरी साव ,राजकुमार साव,त्रिवेणी साव, कन्हाय साव, बोधन साव, ढलान साव, दीपन साव एवं अन्य लोग उपस्थित थें।

## आगजनी से बेहाल मोदक परिवार की संयुक्त मोर्चा ने सुध ली



**प्रतिनिधि, सिंदरी।** सिंदरी रोडाबांध सेवन लेक स्थित बस्ती में 28 फरवरी की रात्रि में गरीब सुरेश मोदक के झोपड़ीनुमा मकान में आग लग जाने से घर समेत सभी समान जल कर राख हो गया। शरीर के अलावा उस आग में कुछ भी नहीं बचा। जिस कारण परिवार में कपड़ा, खाने का समान तक नही बचा। इस प्रकरण की सूचना कांग्रेस महिला नेत्री मधु फिलीफ द्वारा सुचना देने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम, झरिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इम्तियाज अली, जिला उपाध्यक्ष सुरेश राउत, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष अमन साव ने सुरेश मोदक एंव उसके परिवार से मिलकर अर्थिक मदद करते हुए कहा जिला प्रशासन से सरकार की ओर से घर की मरम्मत एंव अर्थिक मदद कराने के लिए कांग्रेस पहल करेगी। प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम झरिया अंचला अधिकारी से फोन पर वार्ता कर अविलंब मोदक परिवार को मदद पहुंचाने का अनुरोध किया।

# दैनिक समाचारपत्र पूर्वांचल सूर्य में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

### किया पोस्ते के फसल को नष्ट

**प्रतिनिधि, बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती वन क्षेत्र पंदनवाटांड में पोस्ते के फसल के बारे में **दैनिक पूर्वांचल सूर्य में खबर** प्रकाशित होने के बाद वन विभाग के द्वारा छापामारी अभियान चलाकर लगे पोस्ते कि फसल को नष्ट किया गया। करवाई हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन पदाधिकारी एके परमार बड़कागांव रेंजर कमलेश सिंह के निर्देशानुसार बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।एक दिन पहले खबर प्रकाशित होने के कारण लगे पोस्ते कि फसल को माफिया लोगों के द्वारा आधे से ज्यादा फसल को उखाड़कर नष्ट कर दिया गया था। वहीं इस मामले पर हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन पदाधिकारी अविनाश कुमार परमार ने कहा कि पोस्ते कि खेती करना कानूनन अपराध है। अगर पोस्ते कि खेती करते पकड़े जाएंगे तो कानूनी कार्रवाई कि जाएगी। खबर लिखे जाने तक वहीं इस मामले में वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज करने कि प्रक्रिया जारी था।पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी कुलदीप कुमार ने कहा कि पोस्ते कि खेती करने वाले लोगों के विरुद्ध निरंतर आगे भी करवाई किया



जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव वनपाल संतु कुमार, विनोद बेसरा डाडीकलां थाना प्रभारी पिंटू कुमार,वनरक्षी मृणाल भास्कर, अजय कुमार यादव, जगरनाथ रजवार,कैशव महतो, संतोष रजक, महेश दास,अमर साहू के अलावे बड़कागांव तथा हजारीबाग सदर वन क्षेत्र के वनकर्मी के अलावे डाडीकलां थाना के सशस्त्र दल के जवान शामिल थें।

## प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर तैयारी शुरू

### सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन दीक्षांत मंडप में

**वरीय संवाददाता, रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल को लेकर तैयारी आरंभ हो गई है।इसी संदर्भ में शनिवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय परिसर में सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति की बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अप्रैल को दीक्षांत मंडप , रांची विश्वविद्यालय, रांची परिसर में संघ द्वारा सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का



भी लोकार्पण किया जाएगा। पत्रिका में प्रकाशित करने के लिए रचनाकारों से अपनी रचनाएं 25 मार्च 2024 तक भेजने या 7667344420 ,9334907447 मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का अनुरोध किया गया है। रचनाएं ऐसी हों, जिनमें विशेष रूप से आदिवासी जीवन शैली, इतिहास, धर्म, कला, साहित्य, शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक एवं समसामयिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समारोह में पांच लोगों को संघ द्वारा ÷सेवा सम्मान÷ से सम्मानित किया जाएगा। अगली बैठक 17 मार्च को 13 आरआईटी भवन कचहरी परिसर रांची में रखी गयी है।बैठक में डॉ.हरि उरांव, बीरेंद्र उरांव, जोहे भगत, डॉ बंदे खलखो , पंकज कुजूर , सुखराम उरांव, जगदीश उरांव, गणेश उरांव, फूलदेव उरांव लक्ष्मण उरांव, प्रियंका कुमारी, कृष्णा उरांव उपस्थित थे।

# स्कूली छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण करते बरही विधायक अकेला यादव

### साइकिल मिलने के बाद छात्र छात्राएं विद्यालय समय पर पहुंचेंगे :- उमाशंकर अकेला

**प्रतिनिधि, बरही।** बरही प्रखण्ड के उच्च विद्यालय बरहीडीह परिसर में कल्याण विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच शनिवार को विधायक उमाशंकर अकेला ने 125 साइकिल का वितरण किया। साइकिल का वितरण प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय केवाल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेहराबद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुंडू के छात्र छात्राओं के बीच हुआ। बताते चलें कि प्रखण्ड में कुल 1527 साइकिल का वितरण किया जाना है, इसकी शुरुआत विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीपप्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम ने विधायक समेत आए



हुए अतिथियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सरकार एवं कल्याण विभाग की ओर से दी जाने वाली साइकिल की योजना लाभप्रद है। दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अब पैदल चलना नहीं पड़ेगा, वह समय पर स्कूल आ सकेंगे और इस योजना से छात्रों की उमंग बढ़ेगी और पढ़ने पर ध्यान देंगे। श्री अकेला ने कहा कि कल्याण विभाग की इस योजना से छात्र-छात्राओं के चेहरे में खुशी झलक रही है, अब वह समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला के अलावा प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, सीओ रामनारायन खलखो, बीईईओ किशोर कुमार, बीपीएम अरुण कुमार, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र कुमार दास, प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम, डॉ सुनील यादव, अयोध्या कुम्हार, अमरदीप कुमार शर्मा, अजय कुमार प्रजापति, सुरेश प्रसाद, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, अशोक सिंह, प्रमोद सिंह, कार्तिक पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में दुनिया के कोने-कोने से जुटे भक्त

### आर्ट ऑफ लिविंग की पहली वेब सीरीज़ आदि शंकराचार्य का पोस्टर लॉन्च

**वरीय संवाददाता, रांची/बैंगलुरू।** आर्ट ऑफ लिविंग अन्तर्राष्ट्रीय केंद्र का भव्य गुरूपादुकावनम महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वातावरण को शुद्ध करने वाले पवित्र मंत्रोच्चारण, भजन और ज्ञान से गूंज उठा। वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी की उपस्थिति में 2.5 लाख से भी अधिक लोगों ने पवित्र ध्यान और मौन में भाग लिया।




महाशिवरात्रि की संध्या पर, मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों के बीच गुरुदेव ने पावन रुद्राभिषेकम् किया। यह एक वैदिक अनुष्ठान है, जो शिव के रुद्र रूप के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किया जाता है। यह अनुष्ठान भक्तों को प्रसन्नता और समृद्धि प्रदान करता है और उनकी इच्छाओं की पूर्ति भी करता है। गुरुदेव कहते हैं, ÷शिवरात्रि अर्थात शिव की शरण में आना। शिव अनंत, सौंदर्य और अद्वैत हैं। आप शिव की शरण में आते हैं क्योंकि आपका वास्तविक स्वरूप शिव ही है। शिव, समस्त ब्रह्मांड का ध्यानस्थ पक्ष है।÷ गुरुदेव की उपस्थिति में संत आदि शंकराचार्य के जीवन और महिमा पर आधारित आर्ट ऑफ लिविंग की पहली वेब श्रृंखला के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने कहा, ÷आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं, लेकिन हर कोई उनके जीवन के विषय में नहीं जानता है।÷ उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन विविध घटनाओं से परिपूर्ण था, जिसमें उन्होंने पूरे देश की लंबाई और चौड़ाई में पैदल यात्रा की, जिससे देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया गया। उन्होंने जो परंपराएं और संस्थाएं शुरू कीं वे आज तक जीवित हैं और फल-फूल रही हैं। वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं।÷ शिवरात्रि के अवसर पर मध्य रात्रि को, शिव तत्व में डूबने के लिए दुनिया भर से आए लाखों लोगों ने गुरुदेव के साथ महाशिवरात्रि के विशेष ध्यान का अनुभव किया।

प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची ➤दिल्ली➤देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



वर्ष - 17 | अंक 207 | दैनिक | रांची | रविवार 10 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

**सुविचार**

तेरे गिरने में तेरी हार नहीं,तू आदमी हैं कोई अवतार नहीं, गिर, उठ, चल, फिर भाग, क्योंकिजीवन संक्षिप्त हैं इसका कोई सार नहीं

श्रीमद भगवद गीता







झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा जामताड़ा जिला में

**वीरग्राम-बरबेंदिया पुल (4-Lane PSC Bridge)**

# निर्माण कार्य का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: अपराह्न 12:30 बजे

स्थान: वीरग्राम फुटबॉल मैदान, जामताड़ा

**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**गरिमामय उपस्थिति**

**श्री शिबू सोरेन**

माननीय सांसद (राज्य सभा)

**श्री आलमगीर आलम**

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**

माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**

माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**₹263.88 करोड़ परियोजना की लागत**

सेतु की लंबाई 1584 मीटर | पहुंच पथ की लंबाई 1400 मीटर

**कुल लंबाई 2984 मीटर**

# गिरिडीह जिलान्तर्गत पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: 2.00 बजे अपराह्न

स्थान: मधुबन संक्रांति मेला मैदान, पीरटांड, गिरिडीह

**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री बसंत सोरेन**

माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**

माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**

माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी**

माननीय सांसद, गिरिडीह

**श्री सुदिव्य कुमार**

माननीय विधायक, गिरिडीह

**योजना की विवरणी**


**₹639.20** करोड़ से होगा निर्माण | **8,531** हेक्टर भूमि होगी सिंचित

गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखण्ड के 17 पंचायत की 1,09,515 आबादी को लाभ होगा

योजना का कार्य 3 (तीन) वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत के लोगों को होगा लाभ

दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पम्प मोटर से जल पाईपलाईन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR - 322035 (IPRD) 2023-24

## चाकुलिया बुरूजबनी में जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, खेतों में लगे फसलो को रौंदा

**पूसू प्रतिनिधि,चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड क्षेत्र के कालियाम पंचायत के बुरूजबनी गांव में जंगली हाथियों ने शनिवार की सुबह जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने गोरा चांद मांडी के एक एकड़ खेत में लगी अरहर एवं सरसों के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जिससे

किसान को भारी नुकसान हुआ है। इस संबंध में गोरा चांद मांडी एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से बताया रात्रि लगभग 2 बजे 20 जंगली हाथीयों का झुंड गांव में अचानक घुस आया । और गांव में घुम घुम कर उत्पात मचाना शुरू कर दिया ।जिस कारण ग्रामीणों रात में दहशत के साए में रहते हुए हाथियों को भगाने का प्रयास किया । उस दौरान हाथियों ने गोरा चांद मांडी के एक एकड़ खेत में लगी अरहर एवं सरसों के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। उसके बाद हाथियों का झुंड स्वर्णरेखा नदी पार कर गुड़ाबांदा प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश कर गया। इधर, सालबनी गांव में भी हाथियों द्वारा खेत में खड़े गरमा धान के फसल को बर्बाद करने की सूचना मिली है । हाथियों के उपद्रव से क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीण काफी चिंतित हैं।

## बहरागोड़ा चित्रेश्वर शिव मंदिर में दीपक की लौ से पश्चिम बंगाल की महिला झुलसी, टीएमएच अस्पताल रेफर

**पूसू प्रतिनिधि,बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के चित्रेश्वर शिव मंदिर परिसर में शनिवार की सुबह भगवान शिव को दिये दिखाते समय

पश्चिम बंगाल के जालमाटी गांव निवासी एक महिला रुपा पात्र के आंचल में दीपक की लौ लग जाने पर बुरी तरह से झुलस गई। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए ज्ञरूा अस्पताल रेफर कर दिया गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार

मंदिर के मुख्य गुंबद में लगे झंडा लेने के होड़ में महिलाओं की काफी भीड़ लगी हुई थी। उक्त महिला भी भगवान शिव को दीपक दिखा रहीं थी। उसी क्रम में महिला के आंचल में अचानक आग लग गई जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई। जिसे स्थानीय लोगों ने दीपक की लौ से झुलसी महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चित्रेश्वर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा भेज दिया । जहां से महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने टीएमएच रेफर कर दिया।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रदेशस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज, चुनाव की तय होगी रणनीति

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 10 मार्च को सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउनहॉल परिसर में होगा। मोर्चा के जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन का प्रथम सत्र सुबह 11.15 से 12.15 तक चलेगा। प्रथम सत्र के आरंभ में झारखंड के वीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा, जनसंघ के संस्थापक पंडीत दिन दयाल उपाध्याय, डॉं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पर्पित किया जाएगा। साथ ही इस सत्र में पंजीकरण का कार्य होगा। अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत, स्वागत भाषण व विषय परिवेश का कार्यक्रम होगा। द्वितीय सत्र में मोर्चा अपना राजनीतिक एवं सामाजिक प्रस्ताव रखेगी। प्रस्ताव में संशोधन, जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों का संबोधन, प्रस्ताव में आए सुझावों पर पार्टी का दृष्टिकोण आदि इसी सत्र में तय होगा तथा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस सत्र में राजनीतिक प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक चर्चा होगी। उन लोगों के प्रस्ताव के बारे में गहन विचार-विमर्श होगा जो लोकसभा-विधानसभा के चुनाव लड़ना चाहते हैं।

तृतीय और अंतिम सत्र दोपहर बाद, लगभग डेढ़ बजे के करीब शुरु होगा। इसमें मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय बतौर मुख्य अतिथि कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एसटी एवं एससी समेत सभी मोर्चा के साथी इसमें उत्साह से लगे हुए हैं। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का झंडा-बैनर से पाट दिया गया है। पुरे प्रदेश से सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

## पहली बार चाईबासा पहुंची पुरी से चलकर आनंद विहार जाने वाली ट्रेन

### सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के साथ चाईबासा वासियों ने किया आनंद विहार ट्रेन का स्वागत



**विशेष संवाददाता, चाईबासा।** शनिवार को पहली बार चाईबासा पहुंची पुरी से चलकर आनंद विहार जाने वाली ट्रेन। चाईबासा पहुचने पर स्थानीय लोगो और सिंहभूम की सांसद गीता कोडा ने ट्रेन का स्वागत किया। श्रीमती कोडा ने ट्रेन को जनता की जरूरत बताया। गौरतलब है कि भगवान जगन्नाथ पुरी धाम की यात्रा हुआ सिंहभूम वासियों के लिए सुगम, व्यापारी ,विद्यार्थीओ, असाध्य रोगियों के लिए भी जिन्हें दिल्ली जाना है उनके लिए जीवन दाईनी का काम करेगी यह ट्रेन। सिंहभूम की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री श्री वैष्णव एवं सिंहभूम की सांसद गीताकोड़ा का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पांडे सहित काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता , चेंबर के पदाधिकारी व चाईबासा शहर वासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

## जोजोबेड़ा रेलवे फाटक पर लगा जाम , मालगाड़ी को दो भागों में बांटा फिर हुआ आवागमन सामान्य

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जोजोबेड़ा में सीमेंट कंपनी वाले रेलवे फाटक पर शनिवार को आधे घंटे तक मालगाड़ी खड़ी रही। जिससे रेलवे फाटक पर दोनों तरफ भयंकर जाम लग गया । राहगीरों वह वाहन चालकों के हो हल्ला एवं आक्रोश को देखते हुए तकनीकी टीम आकर फाटक पर बोगियों के ज्वाइंट को खोलकर मालगाड़ी के डिब्बे को दो भागों में अलग किया। तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ। बताते चलें कि



यहां आये दिन भयंकर जाम लगती है। दो - दो रेलवे फाटक के चलते यहां भयंकर जाम लगता है। अब तीसरी लाइन होने से और देरी होगी यह चिंता लोगों को सताने लगा है। हालांकि की राहत देने वाली बात यह है कि अभी हाल ही में फ्लाई ओवर ब्रिज को लेकर शिलान्यास किया गया था जिससे लोगों में जाम से निजात की आस बढ़ी है। सांसद विद्युतवरण महतो ने इसके लिए काफी प्रयास किया था। लोगों को फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द शुरू हो इसका इंतजार है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला विवि की कुलपति ने की बड़ी घोषणा**

# प्रतिवर्ष अर्थशास्त्र की टॉपर छात्रा को स्वर्ण पदक व एक लाख की राशि प्रदान की जाएगी

### स्व 0 डॉ रेखा झा की स्मृति में उनका परिवार प्रदान करेगा सम्मान

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय में अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो? डॉ? अंजिला गुप्ता ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री छुटनी महतो उपस्थित थीं। स्वागत संबोधन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 पुष्पा कुमारी ने किया। जर्नलिज्म एंड मास कॉम की छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक शालिनी प्रसाद के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। मेघा राव के द्वारा अंग्रेजी कविता एवं क्षमाश्री ने हे स्त्री हिन्दी कविता का पाठ किया। वहीं सुधा दीप के



निर्देशन में बीएड की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री छुटनी महतो ने अपने वक्तव्य में व्यक्तिगत जीवन में बीती घटनाओं को साझा करते हुए बताया कि कैसे वो समाज के द्वारा डायन प्रथा से प्रताड़ित हुई। भले ही इनकी विधिवत पढ़ाई लिखाई नहीं हुई हो। लेकिन अपने जीवन के द्वारा सैकड़ों महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। उन्होंने लगभग 215 महिलाओं को इस प्रथा से उबार कर उन्हें मुक्ति दिलाई। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. डॉ0 अंजिला गुप्ता ने गार्गी लोपा एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी विशेषताओ को समझते हुए आगे बढ़ना है। इतना ही नहीं कुलपति द्वारा अर्थशास्त्र की छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। विश्वविद्यालय की भूतपूर्व एसोसिएट प्रोफेसर स्व 0 डॉ रेखा झा की स्मृति में प्रति वर्ष अर्थशास्त्र की टॉपर छात्रा को एक स्वर्ण पदक एवं एक लाख की राशि प्रति वर्ष दी जाएगी । डॉ0 रेखा झा की मृत्यु पिछले वर्ष कैंसर से हो गई थी। उनके पति वरुण झा के द्वारा स्व रेखा झा की स्मृति में विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र की छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह उत्कृष्ट कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। कुलपति ने इस कार्य की सराहना करते हुए स्व रेखा झा के परिवार वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिशा में अतिशीघ्र ही परीक्षा नियंत्रक डॉ रमा सुब्रहमण्यन द्वारा बाकी प्रक्रियाएँ पूरी कर ली जाएँगी । टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इन्स्टीच्यूट द्वारा भौतिकी की 35 छात्राओं से दो सप्ताह का ट्रेनिंग प्रोग्राम कराया गया। जिन्हें महिला दिवस के कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर उत्साहित किया। इस अवसर पर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के कुलसचिव राजेन्द्र कुमार जायसवाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीच्यूट के प्राचार्य आचार्य मौले , कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ सलोमी कुजूर, सभी संकाय के संकायाध्यक्ष, सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष गण, शिक्षकगण , शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं । धन्यवाद ज्ञापन ने डॉ मनीषा टाइटस के द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ सोनाली सिंह एवं डॉ नूपुर अन्विता मिंज ने किया।

## रक्त दान को 24 घण्टे तैयार उरांव समाज

**पूसू प्रतिनिधि,चाईबासा।** जब भी किसी समूह का निर्माण होता है तो उसका अपना देश, समाज, परिवार के प्रति कुछ न कुछ उद्देश्य जरूर होता है और वह समूह अपने उद्देश्य को लेकर तत्पर रहता है। ठीक इसी तरह से चाईबासा का एक ऐसा समूह जो अपने उद्देश्य को लेकर 24 सो घंटे तैयार रहता है, चाहे दिन हो, रात हो, मौसम का बिना परवाह करते हुए समाज उपयोगी कार्यों में अपनी सहभागिता को निभाने के लिए तत्पर रहता है। वह समूह है उरांव समाज रक्तदान समूह चाईबासा जो हमेशा अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहता है। विदित हो कि चक्रधरपुर के पम्पूरोड निवासी अभिजीत कुजूर जिसका 1 मार्च को सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गया था, उसके सिर और पैर में गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय अनुमंडल अस्पताल उसकी स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया था, वहां डाक्टर तुरंत कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन करने की बात कही, लेकिन इसके लिए उसके शरीर पर पर्याप्त रक्त की कमी देखी गई और न्यूनतम दो यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ रही थी, लेकिन रिम्स स्थित ब्लड बैंक में संबंधित ग्रुप का रक्त नहीं मिला। जिसकी सूचना चाईबासा के उरांव समाज रक्तदान समूह के मुख्य संचालक ब्लडमेन लालू कुजूर को मिली, उसने तुरंत तर्पता दिखाते हुए अपने समूह के संबंध ग्रुप के दो सक्रिय कार्यकर्ता शुभम लकड़ा एवं सुमित उरांव को



चाईबासा से रांची रिम्स भिजवाकर संबंधित ग्रुप का रक्त उपलब्ध करवाया। एक सवाल के जवाब में श्री कुजूर ने बताया कि हमारा समूह का स्थापना ही इस तरह के कार्य के लिए हुआ है। हमारा प्रयास रहता है कि किसी व्यक्ति की रक्त के कमी के कारण कोई भी दुखद घटना ना हो। उन्होंने आगे बताया कि पिछले कई वर्षों से हम लोग इस तरह के कार्य करते आ रहे हैं, हमारे सक्रिय कार्यकर्ता अपने शहर चाईबासा के सदर अस्पताल सहित विभिन्न निजी अस्पतालों में साथ रिम्स ही नहीं, बल्कि सरायकेला के सदर अस्पताल, जमशेदपुर के एम जी एम आदि अस्पतालों में जाकर संबंधित ग्रुप के व्यक्ति को रक्त उपलब्ध कराते आ रही है। मैं विशेष रूप से अपने सभी सक्रिय रक्तदाताओं को धन्यवाद देता हूं कि वे अपने कर्तव्य को निभाने के लिए हमारे कार्यकर्ता, हमारे सक्रिय सदस्य इस तरह के मानवता धर्म निभाने के लिए तत्पर रहते हैं।

## नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड 12681 लंबित मामलों का निष्पादन, 44.59 करोड़ रूपये राजस्व की हुई प्राप्ति हुई

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शनिवार को कोर्ट परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12681 पेंडिंग केसों का निष्पादन हुआ। वहीं इस नेशनल लोक अदालत में 44 करोड़, 59 लाख 53 हजार, सात सौ अठारह रूपये की राजस्व प्राप्ति भी हुई। इससे पहले नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, विशिष्ठ अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, जिला बार संघ एडहॉक कमेटी के मेम्बर सह वरीय अधिवक्ता जय प्रकाश तथा डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा से संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रधान




जिला जज अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में लोक अदालत का बहुत बड़ा महत्व है। लोक अदालत के माध्यम से केस सुलझाने पर पैसा और समय दोनों बचत होती है। साथ ही यहां मामले का त्वरित समाधान भी होता है। वहीं स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि लोक अदालत में समझौता द्वारा मामले का निष्पादन किया जाता है। लोक अदालत खासकर गरीबों के लिए न्याय पाने का एक बेहतर मंच हैं। उन्होंने कहा कि नालसा, झालसा और डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में काफी मददगार साबित हुई है।

**14 बेंच का किया गया था गठन** नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का समाधान के लिए व्यवहार न्यायालय में कुल 14 बेंचो का गठन किया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश निलेश सांगा ने बताया कि सुलह योग्य सभी प्रकृति के मामलों का नेशनल लोक अदालत में निपटारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से वन अधिनियम, बिजली अधिनियम, मापतौल अधिनियम, उत्पाद अधिनियम, बैंक ऋष्ठा, चेक बाउंस, श्रम अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, मोटरयान दुर्घटना मुआवजा, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वाद, खान अधिनियम, पारिवारिक वाद, सुलह योग्य आपराधिक और दीवानी मामले आदि के केस शामिल है. नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायालय कर्मी सहित पैनल लॉयर्स एवं पीएलवी का सराहनीय योगदान रहा।

## शिव मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन

**संवाददाता,जगन्नाथपुर।** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन जगन्नाथपुर के शिव मंदिर में समाजसेवी के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।इस मौके पर आस पास के ग्रामीणों ने भगवान शिव का आर्शीवाद लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।समाजसेवी महेंद्र साहु ने बताया कि शिवरात्री के उपलक्ष्य में बाबा की कृपा से हर साल भंडारा का आयोजन किया जाता है. और आगे भी जारी रहेगा।इस अवसर पर विक्रम सिंह, पंकज साव, आशीष गोप, चिंपू सिंह ,जैंत सिंह,प्रदीप गुप्ता,मन्नी गुप्ता,सुनिल ठाकुर, निराकार वोसा, हरिश प्रसाद,सुबोध गुप्ता,निहार मंहता,प्रदीप रजक,मनोज निषाद,चंदन साव, राजकिशोर नायक,चंचल यादव, विश्वनाथ शर्मा,मोहित सिंह सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।



## पूरी -आनंद बिहार दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन चलने पर भाजपा ने किया स्वागत

**पूसू प्रतिनिधि,जगन्नाथपुर।** 18427 पूरी - आनंद विहार ( दिल्ली ) एक्सप्रेस का आज जगन्नाथपुर प्रखंड अंतर्गत रेल नगरी डंगोवापोसी स्टेशन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तओं द्वारा स्वागत किया गया। वर्षो पुरानी मांग को मोदी सरकार ने पूरा किया । डंगोअपोसी चाईबासा होते हुए दिल्ली तक एक भी ट्रैन नही थी इसी मांग को मोदी सरकार ने पूरा किया। जैसे ट्रैन डांगवापोसी प्लेटफार्म नम्बर 2 पर आई वैसे ही भाजपाइयों ने जमकर नारे बाजी किये और ट्रेन लोको पायलट को माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर स्वागत किया। सभी भाजपा कार्यकर्ता गर्म



जोशी से स्वागत किये। मौके पर जिला कार्यसमिति धीरज सिंह, एस्टी मोर्चा उपाध्यक्ष साव पूर्ती , युवा मोर्चा अध्यक्ष हरीश तांती, उपाध्यक्ष रवि दास, महामंत्री पिंटू सिंह, राजा तिरकी, शर्मिला बोबोंगा, विस्तारक वासुदेव तिरकी, महेश सिंह, घनश्याम दास, विक्की कुमार, दिनेश गोप, विनय महतो उमा शंकर आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## जगन्नाथपुर के नवनियुक्त बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने प्रभार ग्रहण किया

**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर सीओ सह प्रभारी बीडीओ मनोज मिश्रा ने नवनियुक्त बीडीओ अमित कुमार मिश्रा को प्रखंड विकास पदाधिकारी जगन्नाथपुर का प्रभार सौंपा। मौके पर प्रभार ग्रहण के पश्चात बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि आम जनों की समस्या का समाधान करना ही पहली प्राथमिकता होगी।साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष चुनाव कराना हमारा प्राथमिकता रहेगा। हमारा प्रयास होगा कि सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक गरीब व असहाय वर्ग लाभान्वित हों। बताया कि प्रखंड के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे समाज के पिछले पायदान पर रह रहे लोगों तक सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना पहली प्राथमिकता रहेगी। प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी नवनिर्मित बीडीओ अमित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 कि तैयारियों एवं योजनाओं की समीक्षा को लेकर संबंधित कर्मियों के साथ बैठक हुई।



## महाशिवरात्रि को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा



**पूसू प्रतिनिधि,चाईबासा।** महाशिवरात्रि को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा। वही डोंगा साइड स्थित शिवालय और महुलसाई के श्री श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में भक्तो की भीड़ उमड़ी। हर वर्ष की भांति शिवा तालाब के शिवालय से निकाली गई भव्य बारात की झांकी, बारात में राम लक्ष्मण सीता विष्णु कृष्ण हनुमान के अलावे भूत पिशाच के रूप धारण किए स्थान में कलाकारों ने मनमोह लिया मानो जैसे लग रहा था धरती देवी देवताओं का आगमन हुआ। कांवरिया संघ द्वारा वर्ष 1977 से शिवालय मंदिर से बारात निकलती है जो महुलसाई के श्री श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचती है जहां वधू पक्ष उनका जोरदार स्वागत करते हैं। इस महाशिवरात्रि में कांवरिया संघ द्वारा हर्ष वर्ष की भांति शिव- पार्वती विवाहोत्सव रात्रि को सिद्धेश्वर मंदिर में आयोजन होता है जहां आसपास के काफी संख्या में लोग भक्त मंडली पूरे विधि विधान के साथ विवाह संपन्न करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा खीर ,भंडारा का आयोजन किया गया बारात जैन मार्केट सदर बाजार पोस्ट ऑफिस होते हुए बिरसा चौक माल साई श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में समापन हुई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल महतो संरक्षक बिल्लू दोदराजका, उपाध्यक्ष पवन शर्मा ,संरक्षक हृदय शंकर बिरूवा,उपाध्यक्ष पप्पू निषाद कोषाध्यक्ष शंकर पोद्दार ,टिंकू गुप्ता विक्की शर्मा रणजीत सिंह राजेश पासवान विकास महापात्र अंकित शाह, मंटू भगत समिति का मंदिर कमेटी के कई लोग कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# विधायक सरयू राय ने 530 लाभुकों को प्रदान किया पेंशन स्वीकृति पत्र

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को अपने बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय में 530 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया। पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वालों में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष शामिल हैं। जिसमे 397 लाभुक, विधवा/एकल/परित्यक्त महिला पेंशन 111 और 22 विकलांग पेंशन का प्रमाण पत्र शामिल हैं। इन लाभुकों को पेंशन का



लाभ दिलाने के लिए विधायक सरयू राय ने अपने विधायक कार्यालय में आवेदन जमा करवाया था और इसे जमशेदपुर अंचलाधिकारी के पास भेजवा कर पेंशन की स्वीकृति दिलवायी थी। पेंशन का स्वीकृति प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब इन लाभुकों के खाते में पेंशन की राशि आने लगेगी। इन लाभुकों को प्रतिमाह 1000 रु. की राशि बतौर पेंशन मिलेगी। पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार, अमित कुमार और बीरेन्द्र सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ।

**बारीडीह कार्यालय में सार्वजनिक भोजन एवं शिक्षा के लिए चलती है पाठशाला -** विधायक सरयू राय ने कहा कि पेंशन का कार्य निरंतर जारी रहेगा। जिन भी लाभुकों का फॉर्म जमा हुआ है और उनका स्वीकृति प्रमाण पत्र नहीं मिला है, उनका भी प्रमाण पत्र शीघ्र मिल जाएगा। उनके कार्यालय के माध्यम से पेंशन के अलावा सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए भी सहयोग प्रदान किया जाता है। उनके कार्यालय में भी दोपहर का भोजन और बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। जिनके घर पर दोपहर में भोजन की समस्या हो वे बारीडीह कार्यालय मे दोपहर का भोजन ग्रहण कर सकते हैं। जिनके घर में पढ़ाई के लिए आवश्यक माहौल न हो वे बारीडीह, विधायक कार्यालय में आकर उचित वातावरण में अध्ययन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरेराम सिंह, विजय नारायण सिंह, आसीम पाठक, राकेश कुमार, गौतम धर, काकुली मुखर्जी, काशीनाथ प्रधान, रंजीता राय, अनिकेत सावरकर, सुशील खड़का, राजु कुमार, जय प्रकाश सिंह, विनोद राय, गीता कुंडू, सुलोचना देवी आदि मौजुद थे।

प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

तेरे गिरने में तेरी हार नहीं,तू आदमी हैं कोई अवतार नहीं, गिर, उठ, चल, फिर भाग, क्योंकिजीवन संक्षिप्त हैं इसका कोई सार नहीं

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306





वर्ष - 17 | अंक 207 | दैनिक | रांची | रविवार 10 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

## अडानी का कर्ज माफ होता है, किसानों-आदिवासियों का नहीं

### गुजरात के नेत्रंग में बोले राहुल गांधी, मोदी सरकार रही निशाने पर



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शनिवार को तीसरा दिन था। राहुल गांधी की यात्रा ने सुबह बोडेली के अलीपुर सर्किल से शुरू होकर नसवाड़ी से होते हुए नर्मदा जिले में प्रवेश किया। यहां से केवडिया और इसके बाद अब वे राजपीपला होते हुए यात्रा नेत्रंग पहुंची। नेत्रंग में जनसभा में राहुल गांधी ने कहा, बीजेपी वाले आपको बताएंगे कि अच्छा विकास हो रहा है, लेकिन विकास आपका नहीं, अडानी-अंबानी का हो रहा है। हिंदुस्तान में जमीन के पहले मालिक आदिवासी हैं। लेकिन, भाजपा ने आपको वनवासी बना दिया है। वह आपको आपका अधिकार नहीं देना चाहती। अडानी का कर्ज माफ होता है, लेकिन किसानों और आदिवासियों का कर्ज माफ नहीं होता। बीजेपी आपकी ही जेब से चोरी कर रही है और कुछ लोग इसे विकास कहते हैं। कांग्रेस आपको पानी और आपकी जमीन का पूरा अधिकार देगी। इसके बाद यात्रा नेत्रंग से भरूच में प्रवेश किया। भरूच से होते हुए यात्रा शाम को सूरत पहुंची, जहां रात्रि विश्राम होगा। यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी ने नर्मदा जिले में 70 सामाजिक संगठनों से मुलाकात की। यह बैठक नर्मदा जिले के कुंवरपारा में हुई, जिसमें किसानों, आदिवासियों और दलितों के मुद्दे पर काम करने वाले कार्यकर्ता भी शामिल हुए। भरूच में होने वाली जनसभा में एएपी के विधायक चैतर वसावा भी मौजूद रहे। बता दें, लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुजरात में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन किया है। सूरत में बस स्टैंड पर यात्रा का स्वागत किया गया। यहां से यात्रा बारडोली स्थित ऐतिहासिक स्वराज आश्रम पहुंची। राहुल ने आश्रम का दौरा किया। बारडोली में अमर जवान ज्योत चौक और सरदार चौक पर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके अलावा लिम्डा चौक पर नुक्कड़ सभा की गई। इसके बाद यात्रा बारडोली होकर राजस्थान की सीमा से सटे व्यारा पहुंचेगी।

# गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले अब जाएंगे जेल

### अमित शाह का लालू परिवार पर हमला,बोले-भू माफियाओं को लटकाया जाएगा उल्टा

### 2024 में बिहार की 40 में से 40 सीटें देने की अपील,भूमि मुक्त कराने बनेगी कमेटी

पटना (एजेंसी)। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि अब बिहार में डबल इंजन की सरकार बन गई है अब भू माफियाओं को उल्टा लटकाया जाएगा और फिर सीधा किया जाएगा। एक कमिटी का गठन किया जाएगा जिसमें गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले जेल भेजे जाएंगे। लालू यादव का एक ही सपना है अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना और उधर सोनिया गांधी का एक ही सपना है अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना। अमित शाह पटना के पालीगंज में बीजेपी के अतिपिछड़ा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी मोदी को बिहार में 31 सीटें दी तो 2019 में 39 सीटें दी। वर्ष 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र की भूमि चंद्रगुप्त और चाणक्य जी की भूमि है। यह भूमि स्वामी सहजानंद जी,बाबू कुंवर सिंह जी, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम जी,राजेंद्र प्रसाद जी की भूमि है। अमित शाह ने कहा कि इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव सत्ता में रहे, लेकिन कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान करने का काम नहीं किया।



### आरजेडी-कांग्रेस दोनों घपला-घोटाला करने वाली पार्टी

आरजेडी और कांग्रेस दोनों घपला-घोटाला करने वाली पार्टी है। आरजेडी ने चारा घोटाला, वर्दी घोटाला, पाइप घोटाला, रेलवे होटल के आवंटन में घोटाला, बालू घोटाला किया और अरबों रुपए की बेनामी संपत्ति बेटे-बेटियों के नाम की। वहीं कांग्रेस ने कॉमनवेल्थ घोटाला, कोयला घोटाला, टूजी घोटाला, ऑगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, चिटफंड आदि घोटाला किया। जबकि पीएम मोदी पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने देशभर के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज और 12 करोड़ गरीबों को शौचालय देने का काम किया। इसके अलावा 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए गए।

## सीएम ने जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं को पाठ्यक्रमों में शामिल करने के लिए अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

- राज्य में जनजातीय भाषाओं का संवर्धन और विकास प्राथमिकता
- जनजातीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करें- चम्पाई सोरेन

**प्रमुख संवाददाता ,रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के पाठ्यक्रमों में यहां की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल कर इन भाषाओं की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की जनजातीय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन और विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई प्रारंभ की जा सके।



इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल एवं शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 'नहीं चल रही कोई बात', बीजेपी-बीजेडी की नहीं होगी यारी!

### ओडिशा भाजपा अध्यक्ष ने नकारी दोनों पार्टियों के गठबंधन की बात



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए एनडीए लगातार अपना कुनबा बढ़ा रहा है। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजेडी) एनडीए के साथ हाथ मिला सकती है। मगर ओडिया के भाजपा प्रमुख मनमोहन सामल ने इन कवायदों को खारिज कर दिया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, मनमोहन सामल ने कहा कि चुनाव की तैयारी पर हाल ही में पार्टी की बैठक के दौरान नवीन पटनायक की पार्टी के साथ गठबंधन पर कोई चर्चा नहीं हुई। उनकी यह टिप्पणी ऐसे वक्त पर आई है जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि बीजेडी एक बार फिर से एनडीए के साथ शामिल हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते मंगलवार को ओडिशा के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला, लेकिन नवीन पटनायक की सरकार पर खामोश रहे। इसके साथ ही भाजपा और ओडिशा के बीच गठबंधन की अटकलें तेज हो गई हैं। यदि लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी और बीजेडी अपनी दोस्ती पक्की कर लेते हैं तो इसमें दोनों के फायदा हो सकता है। हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने एनडीए में दोबारा वापसी की थी। इसे एक ओर जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए झटका माना गया।

## शर्मनाक :अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्रामीण महिला से दुष्कर्म की कोशिश

### अपने घर में बच्चों संग सोई थी महिला

ब्यूरो प्रमुख

**चाईबासा।** तांतनगर ओपी क्षेत्र के अंगरडीहा गाव में अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर दिल दहला देने वाली शर्मनाक घटना घटी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अंगरडीहा गांव में रात को अपने बच्चों के साथ सोयी विधवा महिला के साथ छेड़खानी कर दुष्कर्म करने का असफल प्रयास किया गया।आरोपी गांव का ही युवक बताया गया।

महिला और उसकी बेटी द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

पीड़ित महिला ने जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर को लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

समाचार लिखे जाने तक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं हुआ था। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला अपने घर में शुक्रवार रात बच्चों के साथ सोयी हुई थी। इस बीच गांव के ही विनय गोप उर्फ ठाकलू (आरोपी) दरवाजा का चिटकनी खोल अंदर घुस कर जबरन छेड़खानी करने का प्रयास करने लगा।

इसी बीच पीड़ित महिला ने विरोध व हल्ला किया। जिससे बेटी व आस पास के लोग जाग गये और आरोपी को पकड़ लिया गया। ग्रामीणों ने पहले ग्रामीण मुंडा को हवाले किया उसके बाद ओपी सूचना दे कर पुलिस आयी उसके बाद पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र के अनुसार आरोपी का दामन दागदार रहा है। इसके पहले भी आरोपी गांव में इस तरह की तीन घटनाओं को अंजाम दे चुका है। आरोपी अपनी ऊंची पहुंच की धौंस दिखा लोगों को शोषण किया करता था। घटना के बाद से पीड़ित महिला काफी डरी हुई है। पीड़ित महिला विधवा व तीन बच्चे की मां है।

- विधवा महिला के साथ छेडख़ानी की घटना निंदनीय, थाना प्रभारी सख्त कार्रवाई करें-

**सुनील सिरका,**
**(विधायक प्रतिनिधि)**
**मंझगांव विधानसभा।**

## चीन-मालदीव के बीच हुआ नया सीक्रेट रक्षा समझौता

### मुइज्जू और जिनपिंग की इस डील से भारत पर बढ़ेगा खतरा



**माले (एजेंसी)।** मोहम्मद मुइज्जू ने बीते साल चुनाव जीतने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति का पद संभाला था। मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से एक तरफ मालदीव के भारत से रिश्ते खराब होते गए तो दूसरी ओर चीन से उसके संबंधों में मजबूती आई है। राष्ट्रपति मुइज्जू लगातार चीन के साथ संबंधों को बेहतर करने के इच्छुक दिख रहे हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी पहली राजकीय यात्रा के लिए इस साल जनवरी में चीन को ही चुना था। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए थे। अब एक और सैन्य समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है। चीन ने मालदीव को ज्यादा सैन्य सहायता देने वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को लेकर कई संशय इसलिए हैं क्योंकि पूरी जानकारी नहीं दी गई है। इस समझौते के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। हाल ही में चीन और मालदीव के वरिष्ठ अफसरों ने दोनों देशों के बीच रक्षा समझौते को आग बढ़ाते हुए पर हस्ताक्षर किए हैं।

## डॉ.प्रदीप वर्मा को भाजपा ने झारखंड से राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया

वरीय संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने डॉ. प्रदीप वर्मा को झारखंड से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी घोषणा की गयी है।

बताते चलें कि, झारखंड में 21 मार्च को दो सीटों के लिए राज्यसभा का चुनाव होना है। इसकी अधिसूचना चार मार्च को जारी कर दी गयी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक झारखंड में राज्यसभा की खाली हो रही दो सीटों के लिए 21 मार्च को मतदान कराया जाएगा।



11 मार्च तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 12 मार्च को स्क्रूटनी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 मार्च है। 21 मार्च को वोटिंग के बाद उसी दिन मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के चाईबासा में तीन दिवसीय डेरी मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उदघाटन किया

**विशेष संवाददाता,चाईबासा।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के पश्चिमी सिंघभूम जिले के चाईबासा में तीन दिवसीय डेरी मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उदघाटन किया। डेयरी मेला एक ऐसा मंच है जहां डेयरी विज्ञान की नवीनतम तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। देश के किसानों और पशुपालकों को दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने की जरूरत है। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने कहा कि कोल्हान की धरती पर यह आयोजन यहाँ पर कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज देश आगे बढ़ रहा है लेकिन हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा है। अब हम इस क्षेत्र में कृषि कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राष्टीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा के द्वारा झारखंड में इस तरह का पहला आयोजन कोल्हान की धरती पर किया जा रहा है। इस दौरान संस्थान की ओर से जानकारी मिली कि यहां दूध के उत्पादन को हम बढ़ा सकते हैं और मैं कोशिश करूंगा कि इसका एक सेंटर इस क्षेत्र में जरूर खुले जिससे लोगों को दूध उत्पादन में मदद मिले। केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि मैं उन किसानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जो देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। अर्जुन मुंडा ने कृषक समुदाय से सरकार द्वारा शुरू की गई कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम फसल बीमा और पीएम किसान समृद्धि का लाभ उठाने का आग्रह किया।



सांसद संजय सेठ की सराहनीय पहल :

## रांची संसदीय क्षेत्र की ढाई हजार गर्भवती महिलाओं को मिलेगा पोषण किट

- गेल इंडिया ने सीएसआर के तहत कराया पोषण किट उपलब्ध
- सांसद ने गिनाई उपलब्धियां



प्रमुख संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में कुपोषण के विरुद्ध कार्यक्रम आगाज किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत गेल इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से सांसद संजय सेठ की पहल पर गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार किट का वितरण किया जाएगा।

इस संबंध में सांसद श्री सेठ ने राजधानी के अरगोड़ा चौक स्थित अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से इसके लिए प्रयासरत था कि गर्भवती महिलाओं को पोषण किट उपलब्ध हो सके। इस दिशा में बड़ी सफलता मिली है। गेल इंडिया के सीएसआर के माध्यम से रांची लोकसभा क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के बीच 2500 से अधिक पोषाहार किट का वितरण किया जाएगा। इस पोषाहार किट में गाय का घी, ड्राई फ्रूट्स के लड्डू, प्रोटीन पाउडर, विभिन्न प्रकार के पौष्टिक बीज, मोटे अनाज से बने लड्डू सहित कई ऐसी सामग्री शामिल हैं, जो गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। सांसद श्री सेठ ने पत्रकारों से कहा कि यह पूर्ण रूप से चिकित्सकों की सलाह पर तैयार किया गया किट है। इसके लाभुकों की सूची तैयार कर ली गई है। इसी सूची के अनुसार रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, हटिया, कांके, ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी विधानसभा क्षेत्र में इसका वितरण किया जाएगा।

सांसद श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे स्लोगन ऐसे क्षेत्र पर काम करने की प्रेरणा देते हैं। उनकी इसी प्रेरणा को लेकर मैंने यह प्रयास किया, जो अब सफल हुआ है। सांसद ने बताया कि एक सेट किट की कीमत लगभग ढाई हजार रुपए है। सांसद ने कहा कि प्रथम चरण में लगभग 2500 महिलाओं को यह किट देने का लक्ष्य रखा गया है। दूसरे चरण में चुनाव के बाद इसमें और भी बढ़ोतरी की जाएगी।

इस क्रम में सांसद श्री सेठ ने रांची संसदीय क्षेत्र की उपलब्धियां भी गिनाई। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी संजीव विजयवर्गीय, रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## सहकारिता के विस्तार में सहायक साबित होगा राष्ट्रीय डेटाबेस : अमित शाह

विशेष संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय डेटाबेस का लोकार्पण किया। सहकारिता आंदोलन से जुड़े श्री शाह यह मानते हैं कि, 'देशभर में कहां सहकारी समितियां कम है, उस गैप की पहचान कर सहकारिता के विस्तार में मददगार साबित होगा राष्ट्रीय डेटाबेस।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में जर्जर हो चुकी सहकारी समितियां जीवंत हो चुकी हैं। देश भर के पैक्स सेंट्रलाइज्ड और कंप्यूटराइज्ड हो गए हैं। अब देश भर में पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाया जा रहा है। अंत्योदय की राजनीति करने वाले अमित शाह का बार-बार यह कहना भी सच साबित होने वाला है कि साल 2027 तक देश के हर पंचायत में एक पैक्स होगा। यही वजह है कि राष्ट्रीय डेटाबेस का निर्माण किया गया है, जिससे सहकारिता क्षेत्र का विस्तार, डेवलपमेंट और डिलीवरी सुनिश्चित होगी। राष्ट्रीय डेटाबेस से सहकारिता की हर एक जानकारी अब एक क्लिक पर मिलेगी। पॉलिसी मेकर्स, रिसर्चर्स और स्टेकहोल्डर के लिए अमूल्य संसाधन का काम करने वाला राष्ट्रीय डेटाबेस सहकारिता क्षेत्र के विकास को कंपास की तरह दिशा दिखाएगा। दरअसल यह डेटाबेस भारत की पूरी सहकारिता गतिविधियों की जन्मकुंडली है, जिसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से बनाया गया है। डेटाबेस पोर्टल के माध्यम से छोटी सहकारी संस्थाएं अपने विस्तार के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी। डेटाबेस में पैक्स से एपैक्स, गाँव से शहर, मंडी से ग्लोबल मार्केट और स्टेट से अंतर्राष्ट्रीय डेटाबेस तक जोड़ने की पूरी संभावना मौजूद है।





## संपादकीय

# गरीबी के पैमाने को लेकर सरकार का तर्क विवादों के घेरे में

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है।हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा।मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है।माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं।मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है।जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक रेपो दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। पिछले आंकड़ों में सबसे अधिक महंगाई सब्जियों, दूध, फल और अंडे वगैरह की कीमतों में दर्ज की गई थी।

# जिनपिंग की सनक के चलते विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा खो सकता है

(नीरज कुमार दुबे)

राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सनक ने दुनिया की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाले देश चीन का बुरा हाल कर दिया है। एक समय अपनी आर्थिक तरक्की की रफ्तार के लिए पूरी दुनिया में मशहूर चीन इस समय बमुश्किल गुजारा कर पा रहा है और जिस धीमी गति से उसकी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है वह कछुआ चाल यदि जारी रही तो जल्द ही चीन दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था का तमगा खो सकता है। चीन में इस समय कितनी निराशा है इसका अंदाजा इस बात से लग जाता है कि वहां के हुक्मरान अब तरक्की के बहुत बड़े लक्ष्य तय करने की बजाय इस बात पर जोर दे रहे हैं कि गुजारा चलाने लायक स्थितियां बनी रहें।

हम आपको बता दें कि आर्थिक मंदी और कमजोर पड़ती कारोबारी धारणा से जूझ रहे चीन ने इस साल पांच प्रतिशत की मामूली आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। पिछले साल चीन ने 5.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। इसके साथ ही चीन ने बढ़ती बेरोजगारी पर चिंताओं के बीच 1.2 करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा भी किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने देश की रबर-स्टैम्प संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के उद्घाटन सत्र में पेश अपनी रिपोर्ट में उम्मीद जताई कि इस साल शहरी क्षेत्रों में 1.2 करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। बताया जा रहा है कि चीन में इस साल शहरी बेरोजगारी दर लगभग 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हम आपको बता दें कि करीब सप्ताह भर चलने वाले एनपीसी के वार्षिक सत्र में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा देश भर से 2,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की वृद्धि को मजबूत करने के लिए जरूरी पहलों पर विचार-विमर्श किया गया। बताया जा रहा है कि चीन ने 2024 के लिए एक सक्रिय राजकोषीय नीति और एक विवेकपूर्ण मौद्रिक नीति जारी रखने की बात कही है जिसमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले घाटे को तीन प्रतिशत पर रखा जाएगा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने अपनी 39 पेज की कार्य रिपोर्ट में कहा है कि इस बार सरकारी घाटा 2023 के बजट आंकड़े से 180 अरब युआन (26 अरब अमेरिकी डॉलर) बढ़ जाएगा।

देखा जाये तो चीन इस समय सबसे गहरी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है इसलिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि वह ऐसी नीतियां बनाएं जिससे अर्थव्यवस्था को संकट से उबारा जा सके। लेकिन यहां सवाल यह है कि चीन आखिर उबरेगा कैसे वैश्विक बाजारों में उसके माल की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और उन्हें लौटाया जा रहा है या पुराने ऑर्डर रद्द किये जा रहे हैं। चीनी कंपनियों को नये ऑर्डर नहीं मिलने से उत्पादन ठप है और बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। चीन में विदेशी निवेशक आने से कतरा रहे हैं या अपना कारोबार समेट रहे हैं क्योंकि तानाशाह जैसे शासन में काम करना मुश्किल होता जा रहा है। यही नहीं चीनी युवा भी अपने भविष्य को लेकर इतने आशंकित पहले कभी नहीं दिखे जितने अब दिख रहे हैं। दरअसल चीन में मजदूरी और उत्पादन लागत बढ़ने से वैश्विक बाजारों में चीन प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहा है। इसके अलावा, चीन का रियल एस्टेट उद्योग जिस तरह भरभरा कर गिर रहा है और स्थानीय सरकारों को सामान्य खर्च चलाने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है उससे शी जिनपिंग की नीतियों और उनकी उन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं जिन पर अरबों डॉलर खर्च हो रहा है मगर हासिल कुछ नहीं हो रहा है।

बहरहाल, देखा जाये तो जिस तरह पाकिस्तान ने आतंकवाद को ही सारी फंडिंग करके अपनी अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुँचा दिया है उसी तरह चीन ने भी अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते ऐसी परियोजनाएं बनाईं जिन पर अरबों डॉलर बेमतलब में खर्च हो रहा है। इसके अलावा चीन दूसरे देशों में जासूसी के लिए अरबों डॉलर खर्च कर रहा हे, नये जमाने के युद्ध के लिए कोरोना जैसे वायरस बनाने में अरबों डॉलर खर्च कर रहा है, भारत को घेरने के लिए उसके पड़ोसी देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसाने के लिए हजारों-लाखों डॉलर पे डॉलर उधार दे रहा है। इस सबसे चीनी अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान हो रहा है लेकिन शी जिनपिंग सुधरने को तैयार नहीं हैं। चीन को धन जुटाने के लिए एक ट्रिलियन युआन मूल्य के विशेष प्रयोजन बांड जारी करने पड़ रहे हैं जो दर्शाता है कि चीनी अर्थव्यवस्था कितने दबाव से गुजर रही है।

# हर औरत को मिले सपना पूरा करने का मौका, लड़ाई लड़कों से नहीं, बल्कि सामाजिक कुप्रथा से

(अनन्या बिड़ला)

**सशक्त महिलाएं रास्ते में आने वाली बाधाओं को ही नहीं हटातीं, बल्कि हर रूढ़ि को तोड़ने की प्रतिबद्धता के साथ उद्यमिता के पुल भी बनाती हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि सफलता हर किसी के लिए एक जैसी नहीं होती। टीम वर्क-ग्रेट एच-ई.लुककाक ने एक बार कहा था, 'सीटी बजाकर कोई सिम्फनी नहीं सुनाई जा सकती। उसके लिए आर्केस्ट्रा की जरूरत होती है।' यह बात संगीत से ही नहीं बल्कि जीवन के हर पहलू के लिए सच है। मंच पर परफॉर्म कर रहे हों या बिजनेस चला रहे हों, आप कोई भी काम अकेले नहीं कर सकते। किसी दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए समर्पित लोगों की एक टीम चाहिए होती है। डर को छोड़ें-मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे पास एक शानदार टीम है, जो मेरे दृष्टिकोण को समझती है। एक सशक्त, विविध, संतुलित और समृद्ध वर्कफोर्स किसी कंपनी की सफलता की रीढ़ होती है। मैं बिजनेस से लेकर संगीत तक से जुड़ी अपनी टीमों की शुक्रगुजार हूं। ये शानदार टीम हैं, जो लगातार आगे बढ़ती रहती हैं। साथ मिलकर हम कामयाबी के सफर पर कई मील के पत्थर स्थापित करते हैं, और इस तरह से हमारी यात्रा सार्थक होती है। सफलता की परिभाषा वह है, जहां टीम में गलती के डर के बिना innovation और e&perimentation पनपे।**

भावनात्मक रिश्ता-जिस तरह से हम अपने कामकाज से अलग एक-दूसरे को प्राथमिकता देते हैं और भावनात्मक स्तर पर एक-दूसरे की भलाई का




खयाल रखते हैं, वह हमें दूसरों से अलग और बेहतर बनाता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि Svatantra और Svantantra MHFC में हमें एक्सीलेंट वर्कप्लेस के रूप में सम्मानित किया गया है। हमें यह सम्मान लगातार तीन बार हासिल हुआ।

उपलब्धियों का जश्न-आज, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम भारत और दुनियाभर की महिलाओं की अविश्वसनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए साथ आए हैं। मैं जानती हूं कि आप सभी के पास अपने संघर्षों की एक कहानी है और मैं आपमें से प्रत्येक का आदर करती हूं। आप मुझे प्रेरित करती हैं। हम आज उस तरक्की को स्वीकार करने के लिए साथ आए हैं, जो हमने हासिल की। लेकिन, हम उन संघर्षों और असमानताओं को याद करने के लिए भी एक साथ आए हैं, जिनका महिलाओं को अब भी सामना करना पड़ता है।

सबका साथ चाहिए-सऊदी अरब की पहली महिला रेस कार ड्राइवर रीमा जफाली से लेकर इसरो रॉकेट लॉन्च प्रॉजेक्ट में पहली महिला सिस्टम इंजीनियर प्राची अग्रवाल तक, हम एक निर्णायक मोड़ पर हैं। हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि कितना आगे आ गए हैं हम। भले ही हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है, पर हमें इस प्रगति में ताकत तलाशनी होगी। महिला के रूप में हमें एक साथ आने की जरूरत है। जरूरत है एक-दूसरे को आगे बढ़ने, उत्कृष्टता हासिल करने और समाज द्वारा हम पर लगाए गए मानदंडों को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करने की।

समर्थन की जरूरत-बिड़ला परिवार की एक महिला होने के नाते 6 पीढ़ियों यानी 125 वर्षों के ऑपरेशंस में मुख्य पारिवारिक व्यवसायों में शामिल होने के कारण मैं अभिभूत और भावुक महसूस करती हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि एक दशक पहले मैंने जो निर्णय लिया था, उस पर मुझे अपने परिवार का समर्थन मिला। उनका साथ मिला कि मैं सामाजिक नतीजों और धारणाओं की परवाह किए बिना उसका अनुसरण करूं जिस पर भरोसा करती हूं, चाहे वह म्यूजिक हो या बिजनेस।

पिता का साथ-इससे एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात जाहिर होती है। जब पुरुष समर्थन करते हैं तो इससे वाकई फर्क पड़ता है। अगर मेरे पास एक समर्थक पिता नहीं होते, तो मेरे लिए यह करना बहुत मुश्किल होता। उन्होंने मेरा और मेरे भाई-बहनों का बहुत साथ दिया है। हम मिलकर अपनी विरासत को आगे ले जाने के लिए प्रयास और काम कर सकते हैं।

समान अवसर मिले-एक महिला होने के नाते मुझे पूरी आजादी और एक समान प्लैटफॉर्म दिया गया। इसी तरह मुझे यह लगता है कि यह सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य है कि सभी महिलाओं को, अगर वे चाहें तो अपने सपनों को पूरा करने का विकल्प दिया जाए। हम ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में मुझे आशा है कि मैं उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करने और आप सभी से सीखने में सक्षम होऊंगी।

विमिन वर्कफोर्स बढ़ाओ-35 देशों की 1069 फर्म और 24 इंडस्ट्रीज पर एक स्टडी हुई थी। इसमें पाया गया कि ज्यादा क्क्र्श्वस्नह्ल्द्ब1द्द कंपनियों में ज्यादा त्दृठ्ठस्रद्दह्ल ष्द्ब1द्दह्लद्बह्ल4 होती है। यह स्टडी स्द्गह्मद्दह्ल ड्डद्बह्यद्द और आमदनी के आधार पर की गई। इसलिए समानता के मुद्दों को एक तरफ रखकर अगर सिर्फ व्यावसायिक नजरिये से भी देखें, तो एक बड़ा लक्ष्य होगा ग्रुप में विमिन वर्कफोर्स को बढ़ाना। भले ही आदित्य बिड़ला ग्रुप में पिछले दशक में महिलाओं का प्रतिनिधित्व दोगुना हो गया है, जिस पर हमें बहुत गर्व है, हम आने वाले वर्षों में इसे और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

साथ से बनेगी बात-यह धीमी और लंबी प्रक्रिया होने वाली है। हालांकि अगर हम साथ हैं, तो मुझे यकीन है कि इसे हासिल किया जा सकता है। और साथ मिलकर हम सामाजिक असंतुलन को दूर करने वाले कदम उठाएं, जो लंबे समय से चली आ रही प्रथाओं और दृष्टिकोण के कारण मौजूद हैं और जिन्हें अब बदलना होगा। एक व्यक्ति के रूप में हमारे मूल्य, हमारी कड़ी मेहनत, हमारी ईमानदारी मायने रखती है, न कि हमारा त्दृठ्ठस्रद्दह्. मेरे दादाजी आदित्य विक्रम बिड़ला मेरे बारे में मजाक में कहते थे कि मैं सभी लड़कों को हरा दूंगी। मजे की बात यह है कि मैं यहां लड़कों को हराना नहीं चाहती, बल्कि उस सामाजिक व्यवस्था को हराना चाहती हूं, जिसने अवांछित और अनावश्यक असमानताएं पैदा की हैं। (लेखिका Svatantra Microfinance की संस्थापक हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# युवा लड़कियों के मन में क्या चल रहा है

(शिखा सृष्टि)

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं और उनके स्त्रीत्व के साझा अनुभवों का जश्न मनाने का मौका है। यह समावेशिता का उत्सव है। दुनिया भर में हर तबके की महिलाओं की अलग-अलग इच्छाएं होती हैं। कुछ चीजें हैं जो वे सभी समान रूप से मांग करती हैं। महिलाएं क्या चाहती हैं उनकी नजर में 'महिला दिवस' का क्या अर्थ है उनकी दुनिया कैसी दिखती है वे दुनिया कैसी देखना चाहती हैं

हर जगह संघर्ष- मैं दुनिया के सबसे बड़े महानगरों में से एक मुंबई में रहती हूं। मेरी उम्र 22 साल है। दूसरी कई हमउम्र लड़कियों की तुलना में मैं खुशकिस्मत रही हूं। मैं खुशकिस्मत हूं क्योंकि मैंने ऐसी कई चीजों का तजुर्बा किया है और मेरे पास कई ऐसी चीजें हैं, जो कइयों के लिए सपना है। ऐसा नहीं है कि मुझे भेदभाव और संघर्षों का सामना नहीं करना पड़ा है, फिर भी अलग पृष्ठभूमि और संदर्भों की वजह से यह दूसरों से अलग रहा है। शायद, सबका संघर्ष एक तरह से निजी और दूसरों से अलग होता है।

घर संभालना है-शिक्षा, स्वतंत्रता, अपने हक के लिए लड़ने से लेकर, जीवन में किसी मकाम तक पहुंचने को लेकर लड़कियों ने कुछ वर्षों में जबरदस्त प्रगति की है। आज कहीं अधिक लड़कियां काम कर रही हैं। वे उन क्षेत्रों में भी कामयाब हो रही हैं, जिनमें कभी पुरुषों का दबदबा था। लेकिन फिर भी उनकी परवरिश का तरीका नहीं बदला है। आज भी कम उम्र से उन्हें आज्ञाकारी होना और पारिवारिक दायित्वों को प्राथमिकता देना सिखाया जाता है। बताया जाता है कि आगे चलकर उन्हें 'घर-संभालने वाली' बनना है, न कि घर की कमाने वाली।

सपने और संकल्प; इन चुनौतियों के बावजूद आज कहीं ज्यादा लड़कियां अपने सपनों का पीछा कर रही हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में वे अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रही हैं और इस सोच को चुनौती दे रही हैं कि कुछ करियर सिर्फ पुरुषों के लिए 'रिजर्व्ड' हैं। वे दुनिया को दिखा रही हैं कि उनमें जो हुनर है, उसका मुकम्मल श्रेय कभी नहीं मिला। वे खेल, राजनीति और कला में भी अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प दिखा रही हैं।

जेंडर वायलेंस- सघन आबादी वाले महानगर में अकेली रहने वाली लड़की के रूप में मेरा मानना है कि भारत में युवा महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक जेंडर वायलेंस है। एनसीआरबी के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सुरक्षा संसाधन कितने भी अडवांस हो गए हों, दुनिया में कहीं भी एक महिला के लिए अकेले रहना अब भी खतरनाक माना जाता है। घरेलू हिंसा से लेकर यौन उत्पीड़न तक, युवा लड़कियां अक्सर हिंसा के भय में जीती हैं, जो उनकी स्वतंत्रता और अवसरों को सीमित कर सकती है।ऊंची होती आवाज- हालांकि, इन चुनौतियों के जवाब में युवा महिलाएं अपनी आवाज बुलंद कर रही हैं और बदलाव की मांग कर रही हैं। वे लैंगिक समानता की वकालत कर रही हैं। भेदभाव के खिलाफ लड़ रही हैं। वे अधिक समावेशी समाज चाहती हैं और इसके लिए कोशिश भी कर रही हैं। रेड ब्रिगेड ट्रस्ट और ब्रेकथ्रू इंडिया जैसे संगठन युवा महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए खड़े होने और यथास्थिति को चुनौती देने के लिए सशक्त बना रहे हैं।

नई परिभाषा- मीटू आंदोलन से लेकर जलवायु सक्रियता तक, महिलाओं ने काफी हद तक प्रभावशाली बदलाव लाने में योगदान दिया है। पर्यावरण के लिए आवाज उठाने वाली 21 वर्षीय ग्रेटा थनबर्ग से लेकर गाजा की जमीनी हकीकतों को बहादुरी से कवर करने वाली युवती बिसान ओवदा तक, युवा महिलाएं सामाजिक परिवर्तन की खातिर पहल कर रही हैं। वे विरोध-प्रदर्शन आयोजित कर रही हैं, जमीनी स्तर पर आंदोलन शुरू कर रही हैं।

# जानिए उम्र क्यों सिर्फ एक नंबर है

(सुंदर चंद ठाकुर)

**बहुत सारे लोगों को हमने ऐसा कहते सुना है कि उम्र तो सिर्फ एक नंबर है। हम जानते हैं कि ऐसा झूठ नहीं है क्योंकि हमने अपनी आंख से और अपने ही जीवन में ऐसे लोग देखे हैं जो बूढ़ा होने का नाम नहीं लेते। जापान में तो खैर ऐसे इलाके हैं जहां की ज्यादातर जनसंख्या 100 साल से ज्यादा की उम्र की है। ऐसा ही एक इलाका ओकीनावा है जिसे ब्लू ज़ोन में गिना जाता है। हमारे ही आसपास आसपड़ोसियों के घरों में ऐसे बुजुर्ग देखने को मिल जाते हैं जो 100 के करीब पहुंचने वाले हैं और ड्राइंगरूम में घर आए मेहमानों से बातचीत करते हुए बहुत जोश से कहते पाए जाते हैं - अभी तो मैं जवान हूं। वे जवान होते हैं क्योंकि वे सोचते हैं। जीवन का पहला मनोवैज्ञानिक नियम ही यह है कि हम जैसा सोचते हैं, वैसे ही हो जाते हैं। क्योंकि आपका सोचना दिमाग में घटित होता है। आपके सोचते ही दिमाग में न्यूरॉन्स का एक सर्किट बन जाता है। यही सर्किट सारे जादुई काम करता है।**

हम जब पैदा होते हैं तो हमारे दिमाग में न्यूरॉन्स तो होते हैं, पर उसका कोई सर्किट नहीं बना होता। बच्चा जैसे-जैसे काम करना शुरू करता है, काम करने में दिमाग लगाना शुरू करता है, वैसे-वैसे सर्किट बनना शुरू होता है। आप देखेंगे कि एक छोटा बच्चा जब जीवन में पहली बार चम्मच से खाने की कोशिश करता है, तो उससे चम्मच ठीक से पकड़ी नहीं जाती और वह उसे उठाकर ठीक से मुंह तक नहीं ले जा पाता। खाने की प्रक्रिया में उसका पूरा मुंह गंदा हो जाता। आधा खाना तो कपड़ों पर ही गिर जाता। इसलिए मांएं उन्हें एप्रन पहनाकर ही खाना खिलाती हैं। बच्चा चम्मच से नहीं खाना खा पाता क्योंकि उसके दिमाग में अभी यू चम्मच से खाने का सर्किट नहीं बना। चम्मच से खाने के अलावा बच्चा दो साल की उम्र तक बहुत तेजी से बहुत सारी बातें सीखता है। उसके दिमाग में बेहिसाब सक्रिय न्यूरॉन्स होते हैं। बेसिकली वह उन्हें काम पर लगाता है। वह जितनी जिज्ञासा से नए काम करता है, नई चीजों को छूता है, नए अनुभवों से गुजरता है, नई बातें जानता है, उतना उसके दिमाग में नए सर्किट बनते जाते हैं।

कहते हैं कि बड़ी उम्र की तुलना में बचे बहुत तेजी से बहुत ज्यादा सीख लेते हैं। यह बात कुछ हद तक सही है। कुछ हद तक इसलिए क्योंकि कोई बड़ा-बुजुर्ग भी अगर सीखने पर आए, तो वह भी बहुत कुछ सीख सकता है क्योंकि उम्र के कारण उसके दिमाग में ऐसा कोई व्यवधान या समस्या नहीं आती कि वह नहीं सीख पाए। लेकिन कोई अगर यह मानकर चले कि वह बूढ़ा हो गया है, उसकी ऊम हो गई है, तो उससे कुछ भी उम्मीद करना बेकार है। अगर वैज्ञानिक नजरिए से देखा जाए तो न्यूरोप्लास्टिसिटी टर्म हमारे ब्रेन की उस सामर्थ्य के लिए यूज होता है जिसके जरिए वह नए न्यूरल कनेक्शंस बनाते हुए खुद को जीवनपर्यंत पुनर्संगठित यानी ह्द्गश्वह्म्द्दड्डठ्ठद्बह्यद्द करता रहता है। ह्द्गह्लह्म्श्व यानी ठ्ठद्गह्म्1श्वह्लह्य ह्य4ह्यह्लद्गद्व और श्चद्यड्डह्यह्लद्बष्द्बह्ल4 यानी मोल्ड करने का गुण। जैसे मिट्टी में प्लास्टिसिटी के गुण के कारण ही कुम्हार उसके बर्तन बनाता है। सिंपल शब्दों में कहा जाए तो न्यूरोप्लास्टिसिटी खुद को बदलने के लिए दिमाग की ग्राह्यशीलता शक्ति और उसकी सामर्थ्य है। एक समय था जब माना यह जाता था कि बुढ़ापे के आने पर शरीर के साथ दिमाग भी बूढ़ा हो जाता है। उसकी मेमरी चली जाती है, कई तरह की दिमाग की बीमारियां घेर लेती हैं। नौकरी से रिटायरमेंट के साथ आदमी जिंदगी से भी रिटायरमेंट की तैयारी करता था। पर नहीं। न्यूरोप्लास्टिसिटी का सिद्धांत इस पुराने खयाल को चुनौती देता है कि ब्रेन की संरचना फिक्स्ड है और एक उम्र के बाद वह बदलता नहीं। सब बदलता है। ब्रेन की संरचना भी बदलती है और काम करने का तरीका भी। आपने देखा है न कि स्ट्रोक का शिकार हुए लोग जिनके दिमाग का एक हिस्सा खराब हो जाता है और शरीर के एक हिस्से में लकवा मार जाता है, उन्होंने भी पूरी तरह ठीक होकर दिखाया है। लेकिन यह महज उनके सोचने भर से नहीं हुआ। उन्हें दिमाग को चलाने के लिए फिजिकल और मेंटल दोनों तरह की एक्सरसाइजेस करनी पड़ी।आप अगर चाहें तो अपनी न्यूरोप्लास्टिसिटी का चार तरीकों से बहुत फायदा उठा सकते हैं। वे चार तरीके हैं - कुछ न कुछ नया सीखते रहें जैसे बच्चे सीखते हैं, रेगुलर फिजिकल एक्सरसाइज करें, रेगुलर मेडिटेशन करें और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें यानी अच्छा खाएं, पूरी नींद लें और एक तनावरहित जीवन जिएं। अगर आप ये चार काम भी पूरी ईमानदारी से करने लगे और अपने जीवन का कोई बड़ा उद्देश्य बना पाए और उसे पाने के लिए अपना दिमाग और ऊर्जा खर्च करें, तो मजाल है कि आप बूढ़े हो जाएं। न्यूरोप्लास्टिसिटी आपको बूढ़ा न होने देगी। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।



# मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन संबंधी प्राप्त प्रस्ताव को लेकर सम्बंधित प्रस्तावों पर सहमति के लिए सम्बंधित सभी अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

- ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक
- भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन कराना सुनिश्चित करने के निर्देश
- राजनीतिक दलों के साथ बैठक




**प्रतिनिधि,रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शनिवार को समहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन संबंधी प्राप्त प्रस्ताव को लेकर आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, सीपीआई (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी, आजूस पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष/सचिव के साथ मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन के संबंध में आयोजित बैठक में सम्बंधित प्रस्तावों पर सहमति के लिए सम्बंधित सभी अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए रांची, संजय कुमार भगत, अपर समाहर्ता (नक्सल) रांची, सुदर्शन मुर्मू, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित की गई।

### बैठक में निम्न प्राप्त प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई

- 58-तमाड, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 136 एवं 139, कुल 2 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव प्राप्त है, जो जर्जर स्थिति में हो जाने के कारण भवन परिवर्तन करने की सहमति प्रदान की गई।
- 61-सिल्ली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 1, 20, 166, 167, 184, 190 एवं 251 में कुल 7 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव जिसमें वर्तमान अविस्थत भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण भवन परिवर्तन करने की सहमति प्रदान की गई।
- 62-खिजरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 63. कुल-01 मतदान केन्द्र का भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव प्राप्त है, जो ध्वस्त हो जाने के कारण भवन परिवर्तन करने की सहमति प्रदान की गई।
- 64-हटिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 101, 102, 424, 425, 466, 467, 468 एवं 469 कुल-08 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव प्राप्त है, जो ध्वस्त तथा जर्जर स्थिति में हो जाने के कारण भवन परिवर्तन करने की सहमति प्रदान की गई।
- 65-कॉके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 258, कुल 1 मतदान केन्द्र का भवन परिवर्तन परिवर्तन करने की सहमति प्रदान की गई। (जो वर्तमान समय में लगभग 5 किमी की दूरी पर अवस्थित है)।
- 66-माण्डर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्र संख्या 5, 6, 32, 34, 56, 75, 83, 84 एवं 275 कुल- 09 मतदान केन्द्रों का भवन परिवर्तन हेतु प्रस्ताव प्राप्त है, जो जर्जर स्थिति में हो जाने के कारण भवन परिवर्तन करने की सहमति प्रदान की गई।
- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 538 दिनांक- 09.02.2024 के द्वारा चन्द्र प्रकाश प्रतिनिधि,* *भारतीय जनता पार्टी से प्राप्त आवेदन में मतदान केन्द्र के स्थानांतरण संबंधी प्रस्ताव समर्पित किया गया है, जिसमें 64-हटिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र यथा 207, 208, 209, 253 254, 255, एवं 325 तथा 63 रॉची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 260 के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं किये जाने की सूचना देते हुए परिवर्तन नहीं किये जाने का कारण स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया है। इस संबंध में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63-रांची के पत्राक 14(1)/ निर्वा0 दिनांक 12.02.2024 एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया के पत्रांक 386 / निवि पदा दिनाक 15.02.2024 के द्वारा कारण स्पष्ट करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है।

क्रम संख्या 2 से 7 यथा 58-तमाड़, 61-सिल्ली, 62-खिजरी, 64-हटिया, 65-कॉंके एवं 66-माण्डर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत भवन परिवर्तन संबंधित सभी प्रस्ताव तथा क्रम संख्या 8 में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63-राँची के पत्रांक 14(1)/निर्वा दिनांक 12.02.2024 एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 64-हटिया के पत्रांक 386/निविपदा 15.02.2024 के द्वारा स्पष्ट किये गये कारणों पर विचार विमर्श के उपरान्त राजनीतिक पार्टी के उपस्थित अध्यक्ष/सचिवों ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजने का निर्णय लिया गया।

## जेसीआई रांची ने मनाया महिला दिवस



**वरीय संवाददाता,रांची।** जेसीआई रांची की महिला शाखा ने महिला दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.नम्रता महेनसरिया (ब्रेस्ट कैंसर सर्जन) और ओल्ड एज होम संचालक सुशीला गुप्ता थीं। इस मौके पर 20 फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच ट्रैकसूट और जूता वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कीर्ति मोदी और नंदिनी सरावगी ने नीमा मस्कारा की देखरेख में किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विक्रम चौधरी, महिला शाखा अध्यक्ष रुचि झुनझुनवाला, मयंक अग्रवाल, वंदना खोवाल, कंचन महेश्वरी, श्वेता महेश्वरी, आशा पोद्दार, मेघा चौधरी, संतोषी मुरारका, वीणा अग्रवाल, शीतल शर्मा, अमिता केडिया ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह जानकारी जेसीआई रांची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ईश्वरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**वरीय संवाददाता ,रांची।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पिठौरिया में ब्रह्मकुमारी के इतिहास में पहली बार अनोखा विवाह हुआ। इसमें शिव बाबा दूल्हा बने और ब्रह्मकुमारी की बीके राजमती व बीके वीना बनी दुल्हन। विवाह की सभी रस्में निभाई गई। ब्रह्मकुमारी बीके राजमती व वीना बहन ने अपने पूरे जीवन को परमात्मा शिव को अर्पित कर उन्हें जीवन सेवा के रूप में चुनकर आध्यात्मिक सेवा का बीड़ा उठाया। माउंट आबू से आई कई बहनों ने परमात्मा शिव को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बच्चों के द्वारा किया गया।साथ ही साथ नृत्य नाटिका की प्रस्तुती दी गई। इस अवसर पर सैकड़ों शिव भक्त इसके साक्षी बने और भंडारा में भाग लिया। इस अवसर पर स्वर्ण रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, उद्योगपति राज कुमार पोद्दार,अन्नू पोद्दार,राहुल कुमार दुबे, गोपाल सिंह,पम्मी कुमारी, रंजित गुप्ता, विजय पांडेय, महादेव पांडे, अभिषेक कुमार, अशोक उरांव, समाप्ति देवी ,उर्मिला देवी समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## डोकाटांड महाशिवरात्रि मेला का संयुक्त रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन

## महाकाल ग्रुप के द्वारा महाभंडारा सह प्रसाद वितरण का आयोजन किया



**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत के डोकाटांड़ में महाशिवरात्रि मेला सह आर्केस्ट्रा का उद्घाटन शनिवार को महाशिवरात्रि पूजा समिति के सभी सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप फीता काटकर किया गया। सबसे पहले हर हर महादेव के जयघोष के साथ शिवरात्रि पूजा समिति के सभी सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत सह सम्मान किया गया। सभा संचालन शिव शंकर साव एवं राजकुमार साव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संचालन कर्ताओं के द्वारा कहा गया बावा भोलेनाथ देवों के देव है इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। उन्होंने लोगों में खासकर युवाओं से शांतिपूर्ण तरीके से मेले एवं आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आनंद उठाने की बात कही। वहीं आर्केस्ट्रा कार्यक्रम। म्यूजिक मस्ती नाइट शो के 7 प्रोपराइटर बसंत राज अन्य कलाकारों

द्वारा प्रस्तुत की गई। कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य एवं गाना प्रस्तुत की गई जिसमें लोगों ने देर शाम तक झूमते नजर आए।

महाकाल ग्रुप डोकाटांड के द्वारा महाभंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मौके पर महाशिवरात्रि पूजा समिति संयोजक शिव शंकर साव , अध्यक्ष दिवाकर कुमार उर्फ दीपक, राजकूमार साव,सचिव त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता ,कोषाध्यक्ष गुर्जर भाई, उपाध्यक्ष रोहित कुमार ,संगठन मंत्री हरी साव ,उपसचिव प्रदीप ,दीपन साव ,कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार, संजीत कुमार ,धीरज कुमार राणा ,दीपक उर्फ मनसा, पंकज कुमार, बबलू कुमार, दुलारचंद ,गौतम राणा ,अरुण साव,देवकी कुमार, राजू धर्मेंद्र साहू, संतोष कुमार ,मनोज साव विशाल कुमार ,विक्की कुमार हरी साव राजकुमार साव त्रिवेणी साव, कन्हाय साव, सुरेंद्र साव बिंदु साव, बोधन साव, ढलान साव, संभू साव, दीपक साव, करू साव, अजय साव, हीरामन साव, जनक भुईयां, गिराधारी दीपन साव चंदर साव एवं अन्य उपस्थित थे।

## सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मिले मुख्यमंत्री से



**विशेष संवाददाता , रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (26वीं) के कमांडेंट एसडी शेर खा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वयंसिद्धा पुस्तक भेंट की।

## एफजेसीसीआई की होटल एंड बैंक्वेट उप समिति की बैठक आयोजित




**वरीय संवाददाता**

**रांची।** शहर के होटल व बैंक्वेट संचालकों की उपस्थिति में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के होटल एंड बैंक्वेट उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में संपन्न हुई। उप समिति चेयरमेन अरविंदर सिंह खुराना और त्रिलोचन सिंह ने संयुक्त रूप से होटल व बैंक्वेट संचालकों की समस्या पर अपनी बातें रखीं। कहा कि होटल और बैंक्वेट से प्रत्येक माह शुल्क लेने के बाद भी नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं किया जाता। साथ ही उन्होंने संबंधित थाना में जाकर डेली रिपोर्ट जमा करने की बाध्यता से होनेवाली परेशानी से भी अवगत कराया। शादियों के दौरान देर रात तक डीजे बजाने पर होटल और बैंक्वेट पर कार्रवाई होने पर भी होटल संचालकों ने चिंता जताई। चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग ने कहा कि हमारे संज्ञान में ऐसी कई शिकायतें आई हैं जहां बुकिंग से पूर्व डिक्लेरेशन लेने और मना करने के बाद भी कई लोग नहीं मानते। देर रात तक डीजे बजाने के कारण होटलों और बैंक्वेट पर कार्रवाई हो जाती है। जबकि संबंधित पार्टी इसके लिए ज्यादा जिम्मेवार है तथा होटल, बैंक्वेट के साथ पार्टी पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन द्वारा पार्टी को जिम्मेवार बनाने से लोग शादियों में 10 बजे के बाद डीजे बजाने से बचेंगे।होटल संचालकों की समस्या को वास्तविक समझते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि थाना में जाकर डेली रिपोर्ट जमा करना संभव नहीं है। हमने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ईमेल अथवा वॉट्सएप्प से डेली रिपोर्ट ली जाय। इससे होटल संचालक अनावश्यक कठिनाई से बचेंगे। उन्होंने जल्द ही इस मामले में जिला प्रशासन से वार्ता के लिए आश्वस्त किया। उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि नई पर्यटन नीति के तहत होटल को उद्योग का दर्जा दिया गया है। नीति के तहत नये प्रोजेक्ट लाने पर सब्सिडी समेत कई आकर्षक प्रावधान हैं। उद्यमी इस नीति का लाभ लें।

नियमित रूप से कचरा उठाव की समस्या के साथ ही ट्रेड लाइसेंस बनाने में होनेवाली कठिनाई के लिए सह सचिव अमित शर्मा ने हरसंभव कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किये। सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी होटल संचालकों से जेटीडीसी में निबंधन के लिए प्रेरित किया।

बैठक में उप समिति चेयरमेन त्रिलोचन सिंह, अरविंदर सिंह खुराना, सदस्य सतपाल सिंह, राजु सिंह, चिंरजीव रॉय, हरमित सिंह खुराना, नमन सिंह, संतोष सिंह, पंकज कुमार, हरजीत जग्गी, बिनिता, हृदयानंद उपाध्याय, इंदरजीत सिंह, राजा बग्गा, हरजीत सिंह, प्रवीण कुमार, राजीव चौधरी, संजीव कुमार, मेघा, नीरज कुमार, रिषू तिवारी, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत शहर के कई होटल एवं बैंक्वेट संचालक उपस्थित थे।

## हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 103 वां रंग-रंगीला भंडारा आयोजित

**संवाददाता**




**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 103 वां श्री श्याम भंडारा का रंग रंगीला आयोजन किया गया। फाल्गुन माह में भव्य उत्सव के पहले का यह भव्य भंडारा था । श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के संतोष जैन किरण जैन विजय जैन श्रद्धा जैन विराज जैन व अधिराज जैन भंडारे का प्रसाद मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का गुरुजनों को अर्पित कर झारखंड राज्य के लिए सुख शांति व विकास की प्रार्थना कर खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेका। भोग भजन आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रूच भोग लगाओ बाबा श्यामजी का गायन कर भक्त जनों ने खाटू नरेश से भोग स्वीकार करने की मनोहर की । भोग लगे हुए प्रसाद को विशाल वृहद भंडारे के प्रसाद में मिश्रित कर उसे महाप्रसाद बनाकर मंदिर में आचार्य को सर्वप्रथम भंडारे का महाप्रसाद खिलाया गया ।श्री श्याम भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्त जनों की लंबी-लंबी कतारे भंडारे के लिए लग गई थी। खाटूनरेश की जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था । प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ श्री श्याम भंडारे का महाप्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया । मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व यजमानश्री परिवार के संतोष जैन के परिजनों के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण प्रारंभ किया गया ।लगभग 3300 भक्त जनों ने महाप्रसाद प्राप्त किया। आज के महाप्रसाद में केसर भोग इडली दाल बड़ा उपमा नारियल चटनी का प्रसाद वितरित किया गया था। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में कुशल कारीगरों की टीम ने गुरुवार से ही श्री श्याम मंदिर में ही भंडारे का प्रसाद निर्मित किया। श्री श्याम भंडारे की 103 श्रृंखला में पहली बार केसर भोग का प्रसाद बनाया गया था। भंडारा वितरण में लगभग 65 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया संतोष जैन श्रवण ढानढनिया प्रदीप राजगढ़िया किरण प्रदीप राजगढ़िया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू रतन जैन विजय जैन श्रद्धा जैन अनिल नारनौली प्रेम प्रकाश आर्य नरेंद्र जैन केसर सिंह डॉक्टर दिनेश गुप्ता गुरदीप सिंह अमित सरावगी सलज अग्रवाल सोनू अभिषेक सरावगी राहुल मारू रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी कौशल चौधरी अनुज मोदी वेद भूषण जैन पप्पू स्नेह पोद्दार रमा सरावगी सरिता अग्रवाल मनोज खेतावत उपेंद्र पांडे मनीष वर्मा अंकित सिंह आदि ने भंडारे के महाप्रसाद वितरण में सहयोग किया।

### आज खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान

खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रविवार को फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान उत्सव का अनुष्ठान एवं विशेष पूजा होगी। महास्नान कराके मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर विशेष दिव्य श्रृंगार करके पंचमेवा भोग लगाया जाएगा। साकेत पोद्दार श्रीमती विष्णु प्रिया पौधा विशेष श्रृंगार व पंचमेवा की सेवा तथा राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया विशेष श्रृंगार की सेवा निवेदित करेंगे । श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 8:30 बजे श्रृंगार आरती की जाएगी फाल्गुन माह में महास्नान व श्यामल रूप का दर्शन आनंद दायक माना जाता है।

## श्री श्याम मंडल का 60 सदस्यीय दल निशान यात्रा के लिए खाटू धाम रवाना




**विशेष संवाददाता ,रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची का 60 सदस्यों का दल 9 मार्च(शनिवार) को ट्रेन मार्ग द्वारा खाटू धाम निशान यात्रा के लिए अपराह्न 6 बजे रांची रेलवे स्टेशन से प्रस्थान किया। 11 मार्च (सोमवार) को रींगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर दल बड़ी श्रद्धपूर्वक खाटू धाम में श्री श्याम प्रभु व श्री हनुमान जी महाराज को निशान अर्पित करेगा। 12 व 13 मार्च को सालासर व झुंझुनूं धाम होते हुए दिनांक 14 मार्च को जयपुर से प्रातः हवाई मार्ग से चलकर सुबह 10.30 बजे राँची वापस पहुँचेगा। खाटू धाम निशान पद यात्रा में चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका , जीतेश अग्रवाल , नितेश लाखोटिया , विवेक ढांढनीयां , अमित जालान , अंकित मोदी , कौशल अग्रवाल , नितेश केजरीवाल , शशि बागला , मीना देवी गोयल , रत्न मोर शामिल हैं। उक्त जानकारी सुमित पोद्दार मीडिया प्रभारी ने दी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 11609 मामलों का हुआ निष्पादन

### एक करोड़ पंचानबे लाख पचपन हज़ार चौहत्तर रूपए (1, 95,55,074/-) की राशि का हुआ समायोजन



**पूसू प्रतिनिधि,चाईबासा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।इस दौरान गठित कुल 8 बैंचों में मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 11609 मामलों का हुआ निष्पादन करते हुए,एक करोड़ पंचानबे लाख पचपन हज़ार चौहत्तर रूपए

(1, 95,55,074-) की राशि का समायोजन किया गया ।प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ मध्यम है जिसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अपील कर सकते हैं, लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन किया जा सकता है, उन्होंने आगे बताया कि आज के राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों योगेश्वर मणि, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, ओम प्रकाश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, एस बी ओझा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, विनोद कुमार,

मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी,

राजीव कुमार सिंह, सचिव, डीएलएसए, अमिकर परवार रेलवे दंडाधिकारी, ऋषि कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, राजीव कुमार सदस्य, उपभोक्ता कमीशन के द्वारा मामलों का निष्पादन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में पैनल अधिवक्ता जी रविशंकर, बालाजी बारिक, अमिताभ सरकार, अजीत विश्वकर्मा, , पवन शर्मा, एलएडीसी चीफ सुरेन्द्र प्रसाद, रत्नेश कुमार डेप्युटी चीफ एलएडीसी, विकास दोदराजका, सदस्य डीएलएसए भी बेंच में शामिल थे।

## टाटा- बक्सर ट्रेन का परिचालन शुरू होने से भोजपुरिया बेयार गदगद

**पूसू प्रतिनिधि,जमशेदपुर।** टाटा से बक्सर तक सीधी ट्रेन चालू कराने में सांसद विद्युत वरण महतो के सराहनीय व सार्थक पहल किये जाने की खुशी में भोजपुरिया बेयार ने सांसद विद्युत वरण महतो का स्वागत किया। भोजपुरिया बेयार के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में सांसद विद्युतवरण महतो को फूलों का माला एवं केसरिया अंग वस्त्र भेंटकर इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया । उधर सांसद से ट्रेन के परिचलन पर जहां खुशी जाहिर की गई वहीं यात्रा में लगने वाले 15 घंटे के समय को कम करने तथा समय सारिणी को यात्रियों के अनुकूल बनाने हेतु पहल करने का अनुरोध किया गया। जिसपर सांसद ने कहा कि अभी शुरूआत है समीक्षा होगी तब जरूर सारी बातों पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने जयनगर ट्रेन सेवा की भी बात दोहराई। स्वागत करने वालों में रमेश कुमार , राकेश चौधरी , दीपक कुमार , रविन्द्र सिंह , कन्हैया दुबे, महामंत्री यमुना तिवारी व्यथित , दिनेश सिंह, कृष्ण कांत मिश्रा , गुड्डू राय आदि शामिल थे।

**ट्रेन के समय सारिणी व वक्त घटाने की मांग:** भोजपुरिया बेयार ने टाटा बक्सर ट्रेन के समय सारिणी एवं यात्रा में लगने वाले वक्त को घटाने की मांग की है। भोजपुरिया बेयार के रमेश कुमार ने कहा कि यात्रियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए टाटा बक्सर ट्रेन के आवागमन में लगने वाला समय को घटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक वक्त यही सुपर फास्ट ट्रेन सुबह 5:30 बजे टाटा से खुलती थी और दोपहर डेढ़ बजे पटना पहुंचती थी। और उसी दिन दोपहर 2:30 बजे खुलती थी और रात लगभग 11 बजे तक टाटा पहुंचती थी। फिर आज विलंब का क्या औचित्य है। राकेश चौधरी ने कहा कि बसों के समय सारणी को ध्यान में रखते हुए यदि रेलवे समयानुकूल ट्रेन के परिचालन पर ध्यान दें तो न सिर्फ यात्रियों को सहुलियत होगी बल्कि रेलवे को भी राजस्व ज्यादा प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिंदा रहते करवाया अपना अंतिम संस्कार, बोला- गंगा मैया की कृपा से किया ये कार्य, ग्रामीणों को कराया भोज

**चित्रकूट , एजेंसी।** किसी के मरने के बाद होने वाली तेरहवीं के बारे में आपने कई बार सुना होगा, लेकिन क्या आपने जिंदा व्यक्ति के तेरहवीं के बारे में सुना है। जी हां, यूपी के चित्रकूट में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बारे में सुनकर यकीनन आप हैरान रह जाएंगे। चित्रकूट में एक शख्स ने पहले अपना खुद का अंतिम संस्कार कर लिया और तेरह दिन बाद अब व्यक्ति ने अपना तेरहवीं संस्कार भी कर लिया है। चित्रकूट जिले के छीबो गांव निवासी रविशंकर सिंह (45) ने अपने जीते जी 24 फरवरी को एक आचार्य को बुलाकर मृत्यु के बाद होने वाली अपना अंतिम संस्कार करवा लिया था। उसके बाद व्यक्ति ने गुरुवार सात मार्च को अपनी तेरहवीं संस्कार का कार्यक्रम भी किया है, जिसमें व्यक्ति ने अपने पूरे गांव में लोगों को निमंत्रण दिया था। रविशंकर ने बताया कि अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। वह पहले प्रयागराज में रहकर मार्बल पत्थर की घिसाई का काम करते थे। उन्होंने अपने घर में पहले कीर्तन और फिर रामायण करवाई और उसके बाद गंगा माई की कृपा से अपना जीते जी अंतिम संस्कार की पूजा करवा ली। जब उनसे पूछा गया या कि क्या परिवार वाले यह नहीं करते। उन्होंने कहा कि वह भी कर देंगे पर भगवान की यही इच्छा है। आगे बताया की अब वह गया जी भी अकेले ही जाएंगे। वहीं, कार्यक्रम में शामिल होने आए राज नारायण शुक्ला सहित अन्य लोगों ने बताया की वह छीबो गांव के रवि शंकर सिंह की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आए है। उनके द्वारा पहले अपने जीते जी अपना अंतिम संस्कार करवाया गया। फिर उसके बाद अपनी तेरहवीं कार्यक्रम का निमंत्रण पूरे गांव में दिया गया था। सभी लोग उनके निमंत्रण में शामिल होने के लिए आए हैं। उनके द्वारा आज पहले शांति पाठ करवाया गया। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन करवा के पूरे गांव के लोगो को तेरहवीं का खाना खिलाया गया है।


### खरखौदा में भाई ने बहन के प्रेमी को मारी गोली, घायल, इस बात से था नाराज

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के खरखौदा क्षेत्र में गांव फखरपुर कबट्टा में एक युवती द्वारा गांव के ही युवक से कोर्ट मैरिज करने पर उसके भाई ने प्रेमी को गोली मार दी। गोली प्रेमी के हाथ में लगी है। युवक को गंभीर हालत में केएमसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं युवक के पिता ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कबट्टा निवासी टीकाराम के अनुसार उसके पुत्र गौरव का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी जानकारी उन्होंने युवती के परिजनों को दी थी। छह माह पहले दोनों ने गाजियाबाद में कोर्ट मैरिज कर ली, जिस कारण युवती के परिजन नाराज थे। नाराज परिजनों ने प्रेमी युगल की हत्या की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से की गई थी। गौरव कोर्ट मैरिज के बाद से ही गाजियाबाद में रह रह कर ऑटो चलाकर जीवन यापन करने लगा। शुक्रवार रात को गौरव बीमार मां को देखने अपने गांव कबट्टा आया था। कुछ समय रुकने के बाद करीब दस बजे गाजियाबाद के लिए घर से निकला। कुछ दूर पहुंचते ही युवती के भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर गौरव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक मकान में शरण लेकर गौरव ने अपनी जान बचाई लेकिन एक गोली उसके दाहिने हाथ में लग गई।

### आपस में जोड़े जाएंगे आगरा और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में दो लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई। इसे बनाने के लिए कंपनियों को फाइनल कर दिया गया है। दो साल के अंदर दोनों लिंक एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएंगे। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे को मंजूरी मिल गई है। इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की डीपीआर और परियोजना विकास के लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया था। एमएसवी इंटरनेशनल ने परामर्श शुल्क के रूप में 4.87 लाख रुपये प्रति किमी की मांग की थी। एमएस पार्क फ्यूचेरिस्टिक ने 1.50 लाख रुपये और पायनियर इंफ्रा ने 1.75 लाख रुपये प्रति किमी का आवेदन किया था। सबसे कम बिडर के रूप में ये जिम्मेदारी एमएस पार्क को दी गई। इसी तरह चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर को लेकर भी मंजूरी दी गई।

# रामलला के सूर्य अभिषेक की योजना में तेजी, सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों ने देखा राम जन्मभूमि परिसर



**अयोध्या , एजेंसी।** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को शुरू हुई। इसमें शामिल होने के लिए राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र और सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिक भी अयोध्या पहुंचे हैं। वैज्ञानिकों ने नृपेंद्र मिश्र और मंदिर निर्माण की कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। दोपहर बाद बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही सूर्य की किरणों से रामलला के अभिषेक की योजना को गति देने पर मंथन हुआ। रामलला के दिव्य-भव्य मंदिर निर्माण में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की के वैज्ञानिक भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी ओर से राममंदिर की नींव के अलावा संरचनात्मक डिजाइन, सूर्य तिलक और संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी का कार्य किया जा रहा है। सीबीआरआई के वैज्ञानिक रामनवमी पर सूर्य रश्मियों से रामलला के तिलक की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

**रामनवमी को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य रश्मियों से होगा तिलक:** प्रत्येक साल रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य रश्मियों से तिलक होगा। अब राममंदिर का शिखर बनने लगा है और जल्द ही दूसरा तल को भी आकार देने का काम शुरू हो जाएगा। ऐसे में सूर्य किरणों के अभिषेक के लिए उपकरण कहां और कैसे लगाए जाएं, इसको लेकर वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को मंथन किया है। तय हुआ है कि राममंदिर के तीसरी मंजिल से लेकर गर्भगृह में स्थापित रामलला की मूर्ति तक पाइपिंग और आप्टो मैकेनिकल सिस्टम से सूर्य की किरणें पहुंचाई जाएं। इसके लिए उच्च गुणवत्ता के चार शीशे व चार लेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। दो शीशे निचले तल पर लगाए जा चुके हैं। दो शीशे तीसरी मंजिल पर लगाए जाएंगे। इस साल रामनवमी पर रामलला का सूर्य किरणों से अभिषेक होगा या नहीं, इस पर वैज्ञानिक अभी कुछ कहने को तैयार नहीं हैं।

**राममंदिर निर्माण की योजना का रखा प्रजेंटेशन:** बैठक में इंजीनियरों ने राममंदिर निर्माण की आगे की योजना का प्रजेंटेशन नृपेंद्र मिश्र के समक्ष रखा। परकोटा, तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के निर्माण की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बैठक में राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, सीबीआरआई के निदेशक प्रो आर प्रदीप कुमार, वैज्ञानिक डॉ देबदत्ता घोष आदि मौजूद रहे।

**सप्त मंडपम के डिजाइन पर मंथन:** राम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडपम का निर्माण किया जाना है। इसमें भगवान राम के समकालीन सात पात्रों के मंदिर बनाए जाने हैं। इसके डिजाइन, ड्राइंग आदि को लेकर मंथन किया गया। सप्त मंडपम का निर्माण परिसर में किस स्थल पर होगा, इसको लेकर भी चर्चा की गई। सात मंदिरों में महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, अगस्त्य, विश्वामित्र, निषादराज, शबरी व अहिल्या के मंदिर बनाए जाने हैं। जल्द ही सप्त मंडपम का कार्य शुरू करने की तैयारी है।

### अब परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी बनेंगे एथलीट, खेलकूद सामग्री के लिए जारी हुआ बजट

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया-फिट इंडिया अभियान को प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में गति दी जाएगी। यहां पढ़ने वाले बच्चों को अब खेलकूद में भी आगे बढ़ाया जाएगा। इनको पारंपरिक खेलों के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज व कैरम आदि में भी दक्ष बनाया जाएगा। खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए 89.43 करोड़ रुपये का बजट जारी किए गए हैं। परिषदीय विद्यालयों की दशा व दिशा सुधारने के लिए कई स्तरों पर काम हो रहे हैं। इसी के तहत अब खेलकूद गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। जिससे यहां के बच्चे राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं व पैरालंपिक में भी दम दिखाने के लिए तैयार किए जा सकें। शासन के निर्देशानुसार हर उच्च प्राथमिक व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा। इसमें खेलकूद प्रभारी शिक्षक और खेलों में रुचि रखने वाले 10 विद्यार्थी होंगे। इस क्लब के जरिये पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल व हैंडबाल को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, विद्यालय स्तर पर शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ब्लाइंड क्रिकेट व दिव्यांगों से जुड़ी खेलकूद गतिविधियां होंगी। इन विद्यालयों के विद्यार्थी भी राज्य और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे। इससे पहले अंतरविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया है कि विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए 89 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। उन्होंने सभी बीएसए को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों व शिक्षकों के सुझाव से सामग्री खरीदते हुए खेलकूद गतिविधियां आयोजित करें। पीएमश्री विद्यालयों में खेल उपकरण खरीदने के लिए धनराशि पहले ही जारी की जा चुकी है, इसमें वह शामिल नहीं है।

## मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान, लिखा- बहुजन समाज के हित में बीएसपी का फैसला अटल

**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।



दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है।

मायावती ने लिखा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें।

ख़ासकर यूपी में बीएसपी की काफी मज़बूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किन्तु बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल।

मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इनकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

## अयोध्या को मिली दूसरी वंदे भारत ट्रेन, 12 मार्च से शुरू होंगी सेवाएं

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी को दूसरी वंदे भारत की सौगात मिल गई है। 12 मार्च को सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इसके लिए शुक्रवार दोपहर अयोध्या कैंट स्टेशन से इसका ट्रॉयल भी हुआ। दोपहर करीब यह ट्रेन यहां से गुजरी। बाराबंकी से लेकर जौनपुर के बीच रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। अब तक सिंगल लाइन होने की वजह से वाराणसी से अयोध्या होते हुए लखनऊ तक कई प्रमुख ट्रेनों का संचालन नहीं हो पा रहा था। अब रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य लगभग पूरा होने के साथ ही इस रूट पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के संचालन की उम्मीद जगने लगी है। रेलवे ने बीते दिनों पटना से वाराणसी व अयोध्या होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया। 160 किलोमीटर प्रतिघंटे के रफ्तार से चलने वाली यह एक्सप्रेस सुबह पटना से चलकर अयोध्या होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इसके बाद उसी दिन वहां से चलकर रात में वापस पटना पहुंच जाएगी। पटना से यह ट्रेन सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर चलेगी।

### पत्नी से विवाद के बाद सात माह की दुधमुंही बेटी को पटक कर मार डाला

**कुशीनगर , एजेंसी।** कुशीनगर के खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गोनहा गांव के जंगलल टोला में पत्नी से मारपीट के बाद बृहस्पतिवार रात एक युवक ने अपनी सात माह की बेटी को जमीन पर पटक कर मार डाला। बेटी की हत्या के बाद युवक फरार है। गांव वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत बच्ची के पिता, दादा समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि रामपुर गोनहा गांव के जंगल टोला निवासी विवेक पुत्र लक्षन की पत्नी ऋतु बृहस्पतिवार रात अपनी सात माह की बच्ची को सुलाकर भोजन बना रही थी। इसी बीच विवेक का छोटा भाई मोनू (8) पहुंचा और सो रही बच्ची को जगा दिया। इससे बच्ची रोने लगी। यह देख ऋतु नाराज हो गई और मोनू की पिटाई कर दी।मोनू के रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर पड़ोसी रामबली के साथ बैठे उसके ससुर लक्षन अंदर आए और मोनू को पीटने पर बहू को डांटने लगे। बात बढ़ गई और लक्षन व ऋतु में मारपीट होने लगी। शोरगुल सुनकर रामबली बीच बचाव करने आए, तभी विवेक भी पहुंच गया।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 368 दिनांक 02.02.2024 के निदेशानुसार जिले के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं के 100 विद्यार्थियों के लिए राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम किया जाना है। भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के छात्रों को नजदीक के राज्य यथा पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छतीशगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों का भ्रमण अधिकतम 05 दिनों तक कराया जाना है। इन्हें उस राज्य के विज्ञान केन्द्र, औद्योगिक स्थल, तकनीकी शिक्षण संस्थान, ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण कराया जायेगा। उक्त के आलोक में इच्छुक एजेन्सी भ्रमण से संबंधित भ्रमण स्थल एवं प्रतिदिन का भ्रमण योजना का विस्तृत विवरणी/कोटेशन दिनांक 13..03.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा, जिला कार्यालय, नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए द्वितीय तल्ला, खूँटीटोली, सिमडेगा, पिन कोडः–835223/जिला कार्यालय के ई०मेल ssasimdega@gmail.com पर उपलब्ध कराया जाय।

झारखण्ड टुरिज्म से टूर एवं ट्रेवल्स के लिए निबंधित संवेदक (एजेंसी/वेन्डर) ही उपरोक्त इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग ले सकेंगे। इसके लिए निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR 321961 (Primary Education) 23-24 (D)


## सेना की दवाओं की बाजार में बिक्री

### महेंद्र को रिमांड पर लेकर जयपुर और ग्वालियर गई टीम, दवा बाजार में खलबली

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना हरीपर्वत पुलिस ने सेना की दवाएं बाजार में खपाने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी महेंद्र को जेल से कस्टडी रिमांड पर लिया है। पुलिस टीम उसे जयपुर और ग्वालियर लेकर गई। आरोपी के साथ कई ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन अधिकतर गोदाम और दुकान पर ताले लटके मिले। इसके अलावा पुलिस की विवेचना में कई और नाम आए हैं। इसमें नाई की मंडी और कोतवाली के दवा व्यापारी हैं। मुकदमे में इनके नाम बढ़ाए जाएंगे।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और हरीपर्वत पुलिस ने गिरोह की धरपकड़ की थी। 40 लाख की दवाएं भी बरामद की थीं। आरोपियों में ग्वालियर निवासी महेंद्र कुमार, कोतवाली निवासी फरहान बेग, नाला बुढ़ान सैय्यद निवासी नीरज राजौर, बल्केश्वर स्थित सीताराम कॉलोनी निवासी अजय गोयल, बेलनगंज निवासी संस्कार गुप्ता, शेख बुलाखी निवासी प्रवेश राजपूत, नॉर्थ ईदगाह निवासी राजेश भाटिया उर्फ राजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने महेंद्र कुमार उदवानी को बृहस्पतिवार को 3 दिन की कस्टडी रिमांड पर लिया। महेंद्र जयपुर के सप्लायर के माध्यम से सेना के लिए आपूर्ति की गई दवाएं लेकर आता था। इसके बाद फरहान बेग को बेचता था।

## ग्राम सभा की भूमि पर लगेंगे उद्योग, बनेंगे मिनी क्लस्टर, गांवों में मिलेगा रोजगार

**लखनऊ, एजेंसी।** ग्रामीण इलाकों में उद्योग लगाने के लिए ग्राम सभा की जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा। ग्राम सभा की पांच एकड़ या इससे अधिक जमीन चिह्नित कर उद्योग निदेशालय को मुफ्त में दी जाएगी। इन जमीनों को मिनी इंडस्ट्रियल एरिया की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उद्यमियों को जमीन का आवंटन संबंधित जिले के सर्किल रेट से होगा। जिस गांव की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, प्राथमिकता के आधार पर उस ब्लॉक के उद्यमियों को पहले जमीन दी जाएगी।

गांव से पलायन रोकने के लिए ग्रामीण इलाकों को ही उद्योगों से लैस करने की योजना बनाई गई है। गांव-गांव में इंडस्ट्री के तहत इसका खाका तैयार किया गया है। इससे एक तरफ एमएसएमई इकाइयों को शहरों की तुलना में सस्ते दाम पर जमीन मिलेगी तो दूसरी तरफ ग्रामीणों को अपने ही गांव के आसपास रोजगार मिल सकेगा। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में ग्राम सभा की जमीन को लघु औद्योगिक आस्थान (मिनी इंडस्ट्रियल क्लस्टर) के रूप में विकसित किया जाएगा। कम से कम पांच एकड़ जमीन पर क्लस्टर बसाए जाएंगे। राजस्व विभाग ग्राम सभा की जमीन एमएसएमई विभाग को उपलब्ध कराएगा।

इस जमीन को उद्योगों के लिए तैयार करने का जिम्मा उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय को दिया गया है। कामन ट्रीटमेंट प्लांट, इफ्युलिएंट ट्रीटमेंट प्लांट, सड़क, सीवर, अबाध बिजली व पानी सहित सभी सुविधाओं से लैस करने के बाद ये जमीन संबंधित जिले के सर्किल रेट से उद्यमियों को दी जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

अति अल्प कालिन निविदा आमंत्रण सूचना 31/2023-24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 15.03.2024 को अप0 12:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 16.03.2024 के अप0 2:30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 16.03.2024 के अप0 3:00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| SI. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Nirikshan Bhawan at Ramrekhadham in Occasion of Kartikmela, Block-Pakartand in the District of Simdega. (Part-ii) and Renovation of Nirikshan Bhawan at Ramrekhadham in Occasion of Kartikmela, Block-Pakartand in the District of Simdega. (Part-i) | 4,97,051.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |
| 2 | E/R to Furniture work and others work in Collectoriate Building, Simdega. | 2,47,800.00 | 5,000.00 | 500.00 | 15 (Fifteen) Days |
| 3 | E/R to Executive Engineer Chamber (Flooring and Others work) of Building Division, Simdega. and E/R to Furniture work and others work in DC Chamber, Gopniya Shakha, Simdega. and Renovation of Electrical Installation in Old Circuit House Simdega in the District Simdega. | 7,45,055.00 | 15,000.00 | 1,250.00 | 15 (Fifteen) Days |
| 4 | Repair of Boundary wall in Science Park and Main Gate of Collectoriate, Simdega. and E/R to Repair of Boundary Wall Building Division in Simdega. | 4,98,500.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |
| 5 | Renovation of Dining Hall VIP Room Stair and Lounge in Circuit House Simdega in the District of Simdega. and Renovation of Common Bathroom and Dressing Room in Circuit House Simdega in the District of Simdega. and Renovation of Common Toilet No. 02 Near Corridor in Circuit House Simdega. | 7,41,409.00 | 15,000.00 | 1,250.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 321967 Building (23-24)_D


# मेगा ट्रेड फेयर में हो रही जमकर खरीदारी

● 60 हजार से अधिक लोग ट्रेड फेयर पहुंचे ● झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग ने लगाया ट्रेड फेयर




**विशेष संवाददाता ,रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आठवें दिन शनिवार को लोगों क आना जाना लगा रहा। अभी तक 60 हजार से अधिक लोग फेयर देखने पहुंच चुके है। फेयर अब मात्र दो दिन ही रहेगा। फेयर में भारी भीड़ उमड़ रही और बहुत से लोगों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की। फेयर में खाने पीने के साथ-साथ किचन ,बेडरूम, बच्चों के खिलौने, ड्राई फ्रूट्स, चूड़ी, लहठी, आभूषण, गर्म कपड़े, जूते चप्पल, सजावटी सामान तमाम चीजों का संग्रह एक छत के नीचे उपलब्ध है। लोग इन उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं। जीएस मार्केटिंग और झारखंड चैंबर के संयुक्त रूप से मेगा ट्रेड फेयर को लगाया है। इस फेयर में 12 से अधिक भारतीय राज्यों और दुबई, मलेशिया सहित 9 देशों के हस्तशिल्प, फ़र्निचर, लकड़ी के उत्पाद, जूट उत्पाद, पारंपरिक जामदानी साड़ियां, डिज़ाइनर सूट और सहायक उपकरण की प्रदर्शनी लगी हुई है। वहीं, विभिन्न प्रकार के फर्नीचर और आंतरिक सामान, हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद, दीवारों पर लटकने वाले सामान, सूखे फल, साड़ी और सूट, हथकरघा बिस्तर की चादरें, 3 डी पेंटिंग, सौंदर्य और सौंदर्य प्रसाधन और कई अनोखे इलेक्ट्रॉनिक और उपकरण जैसे बॉडी मसाजर, पिकनिक टेबल, शॉल, फिरन, कालीन, हैंडबैग की पूरी रेंज मौजूद है। इसके अलावा बिना तेल में खाना पकाने वाले गैस ओ ग्रिल उत्पाद, पिकनिक टेबल भी लोगों को पंसद आ रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि एक छत के नीचे ट्रेड फेयर मेला लगाया गया है। इसमें तरह-तरह के समान लोग एक ही जगह पर खरीद सकते हैं। इस तरह के आयोजन से लोगों के साथ-साथ जो बाहर प्रदेश से अपने सामान लेकर यहां पहुंचते हैं, उनको भी मुनाफा होता है। उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने रांची वासियों से अपील किया है कि ट्रेड फेयर का फायदा जल्द से जल्द उठाएं। ट्रेड फेयर का समापन 11 मार्च को होगा। कई उत्पादों पर छूट मिल रही है। इसका लाभ उठाएं। यह जानकारी चैंबर के प्रवक्ता विकास विजयर्गीय ने दी।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सभी भवन मालिक वित्तिय वर्ष 2023–24 के बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान निश्चित रूप से निगम द्वारा प्राधिकृत ऐजेन्सी मेसर्स रितिका प्रिन्टेक प्रा०लि० शाखा जुलु पार्क में जमा करना सुनिश्चित करें एवं जिन भवन मालिकों के द्वारा अबतक अपने भवनों का स्वकर निर्धारण प्रपत्र नही किया गया वो अपने भवनों का स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नही करने वाले बडे बकायेदारों को पूर्व में निगम कार्यालय द्वारा नोटिस भेजा गया है परन्तु अबतक इनके द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान निगम कार्यालय में नही किया गया है।

अतः आप सभी को अंतिम रूप से स्मारित किया जाता है कि अपने बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान 07 दिनों के अंदर निगम कार्यालय में करे अन्यथा बाध्य होकर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 के उपधाराओं के अंतर्गत आपके विरूद्ध निम्नलिखित कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु निगम बाध्य होगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

क) मांग पत्र निर्गत करना सूचना, विलंब से भुगतान एवं वसूली करने के लिए विनियमों द्वारा उपबंधित करेगी।
ख) कुर्की जब्ती के लिए वारंट निर्गत करना और देय कर की वसूली के लिए चल संपति की बिक्री
ग) देय कर की वसूली के लिए अचल संपति की जब्ती एवं बिक्री।
घ) नगर पालिका क्षेत्र छोडने वाले व्यक्ति से देय की वसूली।
ड) बकायेदार के नाम बैंक खाता तथा अन्य वित्तिय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारित हो जब्त करने और वसूल करने हेतु वारंट निर्गत करना।
च) देय की वसूली के लिए वाडी वारंट निर्गत करना।

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 321975 Urban Development and Housing (23-24)_D

## संक्षिप्त समाचार

### गोदरेज इंटेरियो की होमस्केप्स स्टडी ने भारत की महिलाओं की करियर महत्वाकांक्षाओं और सशक्तीकरण के सफर पर डाली नजर

**मुंबई, एजेंसी।** आज का भारत तेजी से विकसित हो रहा है, लगातार गतिशील परिवेश में लोगों के अपने घरों के साथ जुड़ाव में भी बड़े बदलाव आ रहे हैं। गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के बिजनेस गोदरेज इंटेरियो की होमस्केप्स स्टडी ने इसी बदलाव की नब्ज पर अंगुली रखी है। इस स्टडी ने उजागर किया है कि कैसे घर की सजावट लोगों के व्यक्तित्व और पसंद की अनूठी अभिव्यक्ति बन रही है। यह स्टडी घरों और व्यक्तिगत विकास के बीच आंतरिक संबंध को रेखांकित करती है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में महिलाओं की भूमिका में एक उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है, जो पारंपरिक गृहिणी से सशक्त गृह–स्वामिनी बन गई है, जैसा कि एनारॉक द्वारा हाल में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है। अध्ययन से पता चलता है कि सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत संपत्ति चाहने वाली महिलाएं 25-35 वर्ष की आयु सीमा में आती हैं, अतिरिक्त 41 प्रतिशत 35-45 आयु वर्ग में आती हैं। गोदरेज इंटेरियो होमस्केप्स स्टडी के महिला दिवस संस्करण के निष्कर्षों में महिलाओं के व्यवहार में दिलचस्प बदलाव, पर्सनल स्पेस के महत्व और उनके विकास के साथ इसके संबंध पर जोर का खुलासा हुआ। स्टडी के जरिए भारत में महिलाओं की बढ़ती करियर आकांक्षाओं और सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला गया। स्टडी के अनुसार, 42 प्रतिशत महिलाओं ने होम वर्कस्टेशन स्थापित किया है, जो पुरुषों के लिए दर्ज 36 प्रतिशत से अधिक है। इस प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड स्वप्निल नागरकर ने कहा, होमस्केप्स स्टडी के निष्कर्ष व्यक्तियों, उनके परिवारों और उनके घरों के बीच गहरे भावनात्मक संबंध को रेखांकित करते हैं। हमारा अध्ययन महिलाओं के जीवन के एक महत्वपूर्ण पहलू यानी उनकी पहचान के प्रतिबिंब के रूप में उनके घर के संबंध में उनकी भावनाओं पर प्रकाश डालता है। सर्वेक्षण से मिले आंकड़े बता रहे हैं कि सामाजिक-आर्थिक प्रगति ने महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने के लिए सशक्त बनाया है।

### ओपनएआई के बोर्ड में सैम आल्टमैन की वापसी, कुछ महीने पहले गलत तरीके से नौकरी से निकाला गया था




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सैम आल्टमैन की एआई कंपनी ओपनएआई के बोर्ड में वापसी हो गई है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कुछ महीने पहले ही सैम आल्टमैन को ओपनएआई के बोर्ड और सीईओ पद से नाटकीय घटनाक्रम के तहत हटा दिया गया था। हालांकि काफी हंगामे के बाद सैम आल्टमैन की ओपनएआई के सीईओ पद पर फिर से वापसी हुई और अब बोर्ड में भी आल्टमैन की वापसी हो गई है। कंपनी ने बयान जारी कर ये भी बताया है कि आंतरिक जांच में पता चला है कि सैम आल्टमैन को गलत तरीके से नौकरी से निकाला गया था। आल्टमैन के साथ तीन अन्य लोगों को भी ओपनएआई के बोर्ड में शामिल किया गया है। इनमें बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के पूर्व सीईओ सु डेसमंड हेलमेन, सोनी एंटरटेनमेंट के पूर्व अध्यक्ष निकोल सेलिगमेन और इंस्टाकार्ट के सीईओ फिजी सिमो शामिल हैं।

# बिटकॉइन ने रचा इतिहास, पहली बार 70,000 डॉलर के पार पहुंची कीमत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में रौनक देखने को मिल रही है। दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन पिछले कुछ समय से लगातार नई-नई ऊंचाई छू रही है। अब बिटकॉइन ने रिकॉर्ड हाई पर पहुंच कर इतिहास रच दिया है। बिटकॉइन ने पहली बार 70 हजार डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की लॉन्चिंग के बाद से ही बिटकॉइन की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। साल 2024 में बिटकॉइन की कीमत 50 फीसदी बढ़ी है। दुनिया की तमाम प्रमुख वर्चुअल करेंसीज में इजाफा देखने को मिल रहा है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर बिटकॉइन के अलावा दुनिया की दूसरी कौन-कौन सी क्रिप्टोकरेंसी में इजाफा देखने को मिल रहा है।



### बिटकॉइन के दाम 70 हजार डॉलर के पार

बिटकॉइन के दाम शुक्रवार देर शाम 70 हजार डॉलर के पार चले गए हैं। कारोबारी सत्र के दौरान बिटकॉइन की कीमत 70,136.33 डॉलर के साथ रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई। वैसे बीते 24 घंटे के अंदर बिटकॉइन के दाम 66,238.45 डॉलर पर भी पहुंचे। मौजूदा समय यानी शनिवार (9 मार्च) को बिटकॉइन की कीमत 0.09 फीसदी की तेजी के साथ 68,390.23 डॉलर पर कारोबार कर रही है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में बिटकॉइन की कीमत में और भी इजाफा देखने को मिलेगा।

### क्यों आई तेजी

जानकारों की मानें तो नए अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज-ट्रेडेड क्रिप्टो प्रोडक्ट्स की निवेशकों में डिमांड ज्यादा बढ़ गई है। साथ अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं देखने को मिल रही है जिसकी वजह से क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में तेजी का फ्लो बना हुआ है। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में ये फ्लो बना हुआ दिखाई दे सकता है। अगले दो महीनों बिटकॉइन की कीमत 75 हजार डॉलर के भी पार जा सकती है। वैसे संभावना जताई जा रही है कि साल के अंत तक बिटकॉइन कीमत एक लाख डॉलर को भी टच कर सकती है।

# महिला संचालित स्टार्टअप को रकम जुटाने में हो रही परेशानी, 6 हजार कंपनियां नहीं कर पाई फंडरेजिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में महिला संस्थापकों वाली 8 हजार से ज्यादा स्टार्टअप कंपनियां हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों ने अब तक कुल मिलाकर करीब 23 अरब डॉलर की रकम जुटाई है। ट्रैक्शन की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा करीब 6 हजार कंपनियां ऐसी हैं जिसने कोई रकम नहीं जुटाई है। उनमें से 590 कंपनियों का राजस्व 30 हजार डॉलर से अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी उद्योग में महिला उद्यमियों की हिस्सेदारी फिलहाल 18 फीसदी से अधिक है और रकम जुटाने वाली कंपनियों हिस्सेदारी 14 फीसदी से ज्यादा है। इसके बावजूद देश में महिलाओं के नेतृत्व वाली स्टार्टअप कंपनियों द्वारा जुटाई गई फंडिंग की हिस्सेदारी बीते एक दशक में बढ़ी है, जो साल 2020 से 2022 तक भारत में कुल स्टार्टअप फंडिंग का 15 फीसदी से अधिक है।

# टाटा का शेयर 4 दिन में 36 प्रतिशत चढ़ा

### अब ग्रुप का प्लान निवेशकों को देगा झटका!

**ईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की कंपनियों के कई कंपनियों के शेयरों में धुंआधार तेजी देखने को मिली थी। लेकिन यह रफ्तार अगले हफ्ते फिकी पड़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबकि टाटा संस आईपीओ लाने से बचने की कोशिश कर रहा है। इसका बुरा असर टाटा केमिकल्स पर सबसे अधिक पड़ेगा। बता दें, 4 दिन में टाटा केमिकल्स के शेयरों में 36 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। बुलेट ट्रेन की तरह भाग रहा है रेलवे का यह शेयर, कंपनी को मिला 1900 करोड़ रुपये का काम



### क्या है मामला

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के तहत टाटा संस को सितंबर 2025 तक लिस्ट होना होगा। समूह इससे बचने की कोशिश कर रहा है। ईकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास टाटा संस ने याचिका भी दायर की थी। लेकिन लिस्टिंग से बचने वाली इस याचिका को रिजर्व बैंक रद्द कर दिया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार लिस्टिंग से बचने के लिए टाटा संस अपने बैलेंस शीट का रिस्ट्रक्चर करने के विकल्प तलाश रहा है। यदि कर्ज को चुका कर लोन को रिस्टक्चर करने में टाटा संस सफल रहा और टाटा कैपिटल में अपनी होल्डिंग को किसी अन्य यूनिट में ट्रांसफर करता है तो ऐसी स्थिति में उसे एक इनवेस्टमेंट या अपर लेयर के तौर पर डिरजिस्टर्ड किया जा सकेगा। इससे समूह लिस्टिंग लाने से बच जाएगा।

### टाटा के इन कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी

इस पूरे घटनाक्रम से जिस कंपनी पर सबसे बुरा असर पड़ सकता है वह टाटा केमिकल्स है। मौजूदा समय में टाटा केमिकल्स की कुल हिस्सेदारी टाटा संस में 3 प्रतिशत की है। बता दें, पिछले हफ्ते ऑटोमोबाइल कॉरपोरेश ऑफ गोवा, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन, रेलीज इंडिया, टाटा पॉवर कंपनी के शेयरों में क्रमशः 33 प्रतिशत, 28 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और टाटा पॉवर के शेयरों में 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, टाटा ग्रुप की तरफ से टाटा संस के आईपीओ को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद लोगों ने पिछले हफ्ते टाटा ग्रुप की कंपनियों के शेयरों को खरीदने लगे थे।

# प्याज की बढ़ती कीमत को कंट्रोल करने के लिए सरकार ने बनाया प्लान!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग कीमत बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ (नेशनल कॉअपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) और नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कॉअपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि.) जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी।



खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था। इसमें से एक लाख टन अभी भी उपलब्ध है। सूत्रों ने कहा कि अपने 'बफर स्टॉक से रियायती दर पर प्याज बेचने के सरकार के फैसले से कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिली है। सरकार इस महीने के अंत में प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर फैसला लेगी। यह रोक 31 मार्च तक है। सरकार की बफर स्टॉक बनाने की योजना 2023-24 में प्याज के उत्पादन में गिरावट के अनुमान के बीच आई है। कृषि मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, ''प्याज का उत्पादन 2023-24 में लगभग 254.73 लाख टन होने की उम्मीद है, जबकि पिछले साल यह लगभग 302.08 लाख टन था। महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान 3.12 लाख टन की उपज कम होने से कुल उत्पादन में यह गिरावट आने की आशंका है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में प्याज का उत्पादन 316.87 लाख टन रहा था।

### अपोलो हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया दक्षिण एशिया में पहला जैप एक्स, ब्रेन ट्यूमर केयर उपचार में लाएगा क्रांति

**मुंबई, एजेंसी।** महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव है। यह एक ऐसी अत्याधुनिक तकनीक से मुमकिन हुआ है जिसे पूरे दक्षिण एशिया में पहली बार भारत में अपोलो हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया है। 30 मिनट के सत्र में मरीज को इस प्रक्रिया के तहत न कोई दर्द और न किसी तरह का दुष्प्रभाव होने वाला है। जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। जानकारी के अनुसार, भारत के सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने जैप-एक्स जाइरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म का अनावरण किया है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह दक्षिण एशिया में पहली बार उपलब्ध हुई है। जैप एक्स के साथ अपोलो हॉस्पिटल्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर में मरीजों के लिए विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए नवाचार और प्रतिबद्धता की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है।

# भारत में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं उद्यमशीलता की राह तलाश रही हैं

### पेनीयरबाय वीमेन फिनांशियल इंडेक्स की रिपोर्ट

### रिपोर्ट का चौथा संस्करण 2023-24 में खुदरा स्टोर पर महिलाओं की वित्तीय खपत का विस्तृत विश्लेषण पेश करता है

**मुंबई, एजेंसी।** देश में 50 लाख से अधिक खुदरा टचप्वाइंट वाले अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनीयरबाय के सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, जो वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की तीव्र इच्छा को दर्शाती है। यह बात, खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा वित्तीय खपत को दर्शाने वाली अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट, पेनीयरबाय वीमेन फाइनेंशियल इंडेक्स (पीडब्ल्यूएफआई) के अंग के रूप में साझा की गई थी। कंपनी ने देश में 5,000 से अधिक खुदरा स्टोरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें वहां दिखे महिला उपभोक्ताओं के वित्तीय लेन-देन को रिकॉर्ड किया गया। रिपोर्ट में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की प्राथमिकता पर रोशनी डाली गई, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक महिला ग्राहक नकद निकासी के लिए एईपीएस का विकल्प चुनती हैं। नकद लेन-देन का पसंदीदा तरीका बना हुआ है, 48 प्रतिशत महिलाएं इसके पक्ष में हैं, आधार-आधारित लेनदेन और यूपीआई क्यूआर कोड दहाई अंक में प्रगति पर हैं। इस खंड में कार्डों की उपस्थिति न्यूनतम बनी हुई है। विशेष रूप से, 18-30 साल की आयु की महिलाएं, उसके बाद 31-40 वर्ष की महिलाएं, डिजिटल रूप से सबसे अधिक कुशल हैं, जो वित्तीय लेनदेन के प्रति एक मज़बूत रुझान दिखाती हैं। दिलचस्प बात यह है कि 41 प्रतिशत महिलाओं ने उल्लेख किया कि वे अपने फोन पर किसी भी भुगतान ऐप का उपयोग नहीं करती हैं।पेनीयरबाय खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा प्राप्त की जाने वाली शीर्ष तीन सेवा है, नकद निकासी, मोबाइल रिचार्ज और बिल भुगतान। सबसे आम निकासी सीमा 1000-2500 के बीच है, जबकि ईएमआई भुगतान आमतौर पर 500-1000 के बीच है। रिपोर्ट से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं के पास जन-धन बचत खाते हैं जिनका उपयोग मुख्य रूप से नकद निकासी के लिए किया जाता है। 25 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने स्वीकार किया कि उनके बैंक खाते उनके बजाय उनके पति संभालते हैं।

शीर्ष तीन बचत लक्ष्यों में, बच्चों की शिक्षा शीर्ष पर है, इसके बाद बीमारी से जुड़ी आपातकालीन परिस्थिति और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का स्थान है। 54 प्रतिशत महिलाओं ने मासिक बचत के लिए अपनी पसंदीदा सीमा 750-1000 बताई, जो वित्तीय नियोजन के प्रति उनके दृष्टिकोण को उजागर करती है। केवल 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने लंबी अवधि में एक कोष जमा करने के लिए 1500 से अधिक की बचत करना पसंद किया। 71 प्रतिशत महिलाओं ने 3-5 साल के बीच बचत अवधि के साथ अल्पकालिक निवेश के प्रति अधिक झुकाव प्रदर्शित किया। रिपोर्ट में निवेश विविधीकरण की दिशा में मामूली लेकिन उल्लेखनीय रुझान देखा गया है, विशेष रूप से आवर्ती और निश्चित लक्ष्य-आधारित जमा में। यह वैकल्पिक निवेश मार्गों के बारे में महिलाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है, जो वित्तीय प्रबंधन और धन सृजन में बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

# गोदरेज एप्लायंसेज ने डिजाइन में इनोवेशन करते हुए वुडन-फिनिश, प्रकृति से प्रेरित एसी और रेफ्रिजरेटर लॉन्च किए

### अपने प्रीमियम सेगमेंट के हिस्से को 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत करना और एक मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ समर ग्रोथ को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना ब्रांड का लक्ष्य

### क्यूरेटेड एक्सेसरीज और होम डिजाइन गाइड के लिए इंडिया सर्कस के कृष्णा मेहता के साथ सहयोग उपभोक्ताओं के अनुभव को बनाएगा और बेहतर

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस के एक हिस्से गोदरेज एप्लायंसेज ने प्रकृति से प्रेरित वुडन-फिनिश घरेलू उपकरणों की एक नई सीरीज ईऑन वोग लॉन्च की है। एडवांस रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर वाली यह सीरीज कला और तकनीक का एक अनूठा मेल है जो आज के जमाने के भारत में उपयोगिता के साथ–साथ घर की सजावट में भी चार चांद लगाती है।



ब्रांड द्वारा भारतीय घरों में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 70 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कहा कि उन्हें ऐसे एप्लायंसेस के विकल्प अधिक पसंद आते हैं जो उनके घर की सजावट के लिए भी अच्छे हों। आधे से अधिक लोगों ने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके घरों में सबकुछ अच्छे से मेल खाने वाला होना चाहिए।

नए लॉन्च के बारे में बोलते हुए गोदरेज एप्लायंसेज के बिजनेस हेड और एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कमल नंदी ने कहा, खर्च के लिए बढ़ती आय और आसानी से लोन मिलने को देखते हुए औसतन अब तीस के दशक में लोग अपना घर बना रहे हैं। ऐसे युवा भारतीय उपभोक्ताओं अपने घर की सजावट को लेकर भी बहुत सजग है। ये मानते हैं कि उनके घर की सजावट में सबकुछ मैचिंग वाला होना चाहिए। यहां तक कि उन्हें रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर जैसे एप्लायंसेस भी घर की सजावट के साथ मैच करने वाले चाहिए होते हैं लेकिन ऐसा करने में उन्हें दिक्कत आ रही है। दरअसल, आज के जमाने में उपयोगिता के साथ सुंदरता भी खरीद का प्रमुख चालक है। इसी बात को हमने ध्यान में रखा है। गोदरेज एप्लायंसेज के थिंग मेड थॉटफुल दर्शन के अनुरूप ब्रांड ने नेचर इंस्पायर्ड, वुड-फिनिश रेंज के एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर की अपनी अनूठी पेशकश गोदरेज ईऑन वोग सीरीज के साथ एक बार फिर इस मांग को पूरा करने के लिए इनोवेशन किया है। अन्य प्रीमियम लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य अपने प्रीमियम सेगमेंट योगदान को 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत करना और एक मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ समर ग्रोथ को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना है। डिजाइन के पीछे की सोच पर प्रकाश डालते हुए गोदरेज एप्लायंसेज के डिजाइन हेड कमल पंडित ने कहा, हमने अपने तेजी से बदलते शहरों को बड़ी बहुमंजिला इमारतों के साथ अकेले घरों की जगह लेते हुए देखा और उपभोक्ताओं को प्रकृति से दूर होते देखा। उपभोक्ताओं को अपने घरों की डिजाइन में बदलाव का अनुभव करवाने और अपनाने में सहायता करने के लिए ब्रांड ने एक कस्टमाइज्ड होम डिजाइन गाइड के लिए इंडिया सर्कस के फाउंडर और डिजाइन डायरेक्टर कृष्णा मेहता के साथ सहयोग करते हुए विभिन्न होम डेकोर स्टाइल और विशेष रूप से क्यूरेटेड नई ईऑन वोग सीरीज का प्रदर्शन किया है। पहले एक हजार ग्राहकों के लिए प्रकृति से प्रेरित इंडियन सर्कस एक्सेसरीज 1999/- रुपए तक की कीमत पर उपलब्ध है।

लॉन्च पर बोलते हुए इंडिया सर्कस के फाउंडर और डिजाइन डायरेक्टर कृष्णा मेहता ने कहा, गोदरेज एप्लायंसेज की नई वुड-फिनिश रेंज भारत में सजावट की दुनिया में एक स्वागत योग्य नया कदम है। मैं डिजाइन में नेचर-इंस्पार्यड एलिमेंट जोड़ने की सराहना करता हूं और आप इसे इंडिया सर्कस डिस्प्ले में भी देख सकते हैं। लकड़ी एक नेचर फिनिश होने के कारण बहुमुखी है, विभिन्न सजावट शैलियों के साथ अच्छी तरह मेल खाती है।

गोदरेज ईऑन वोग सीरीज के रेफ्रिजरेटर ओक और अखरोट के दो रंगों में 272 लीटर और 244 लीटर क्षमता में उपलब्ध हैं और ग्राहकों के लिए 27,000 - 32,000 रुपए की रेंज में उपलब्ध होंगे।

# प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का आईपीओ 11 मार्च 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड भारत में तेल और गैस वितरण कंपनियों को एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करने के व्यवसाय में एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग कंपनी है, जिसने 2014 में स्थापित व्यवसाय में लगभग एक दशक सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। कंपनी विभिन्न कार्य कर रही है, जिसमें गैस पाइपलाइन परियोजनाएं और सभी पाइपलाइन गतिविधियां जैसे मेनलाइन वेल्डिंग, टाई-इन, कोटिंग, हाइड्रो परीक्षण और पाइपलाइन प्रबंधन शामिल हैं। कंपनी के प्रमुख ग्राहकों में इंडियन ऑयल, साबरमती गैस, गुजरात गैस, सनपेट्रो केमिकल्स, गेल (इंडिया), जीएसपीएल, बीपीसीएल शामिल हैं। कंपनी के पास लगभग रु. 13,184.10 लाख की हमारी प्रमुख पूर्ण परियोजनाओं के साथ 12 से अधिक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया। 8 प्रमुख परियोजनाएं चल रही हैं जिनमें से 7 परियोजनाओं की लागत लगभग रु. 29,666.33 लाख की है। अहमदाबाद में मुख्यालय वाली कंपनी में 750+ कर्मचारी हैं।

प्रथम ईपीसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के प्रमोटर श्री प्रतीक कुमार मगनलाल वेकारिया (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) और श्री नयनकुमार मनुभाई पंसुरिया (पूर्णकालिक निदेशक) हैं, दोनों के पास व्यवसाय में 16 वर्षों का समृद्ध अनुभव है।

पब्लिक इस्यूकी साइझ रु. 36 करोड़ है और 48,00,000 इक्विटी शेयर, राशि रु. 10 प्रत्येक और रुपये का मूल्य बैंड। 71-75 तक उपलब्ध है। यह इश्यू 11 मार्च, 2024 को खुलता है और 13 मार्च, 2024 को बंद होता है। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू खुलने की तारीख 07 मार्च, 2024 है एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित इक्विटी शेयर 13,66,400 हैं। बाजार निर्माता की हिस्सेदारी 2,40,000 इक्विटी शेयर होगी। 6,84,800 इक्विटी शेयर एचएनआई के लिए और 9,12,000 इक्विटी शेयर क्यूआईबी के लिए आरक्षित हैं।



# बरखा सिंह की गर्ल्स ऑन टॉप के 8 साल पूरे

लोग कहते हैं कि हम किसी भी काम को की कल करेंगे हालाँकि इस महिला दिवस पर, बरखा सिंह की शक्तिशाली और सवतंत्र किरदारों की पेशकश, जो गर्ल्स ऑन टॉप से शुरू हुई थी, वह हमने आज 2024 में हमारे महिला प्रधान कहानियों के लिए चाहिए थी! सबसे बड़ी वेब बॉर्न स्टार के रूप में अपने ऑडियंस और फैंस द्वारा पहचानी जाने वाली बरखा सिंह आज भी इंडस्ट्री के लीडिंग नामों में से एक हैं और वह किसी इंट्रोडक्शन की मोहताज नहीं हैं।

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लीडिंग टैलेंट के रूप में उन्होंने सभी प्लेटफॉर्म्स पर काम किया है और हर फॉर्मेट की स्टोरी टेलिंग अपने लिए एक नाम बनाया है। उनका एक प्रोजेक्ट, एमटीवी गर्ल्स ऑन टॉप, जो लगभाग 8 साल पहले शुरू हुई थी, उसमें बेहद टैलेंटेड कास्ट थी, जिसमें बरखा सिंह ने जिया सेन का रोल बनिभाया था, जो एक कॉन्फिडेंट और अम्बिशयस यंग वुमन थी। ऐसे में आज जब हम शो की आठवीं एनिवर्सरी का जश्न मना रहे हैं, यह सोचने की बात है कि 2024 में भी जिया सेन एक रिलेवेंट और प्रेरक किरदार क्यों बना हुआ है।

बरखा सिंह द्वारा निभाया गया जिया सेन का किरदार, एक सफल मीडिया प्रोफेशनल का है, जो युवा महिलाओ को उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है। उनका किरदार दिखता है कि महिलाएँ मीडिया में सफलता पा सकती हैं, सारी मुश्किलों की दिवार तोड़ सकती हैं और एक मेल डोमिनेटेड इंडस्ट्री में अपना नाम बना सकती हैं।

जिया सेन एक ऐसा किरदार है जो जानती है कि उसे क्या चाहिए और बिना किसी हिचकिचाहट के उसका पीछा करती है। वो बिना किसी शर्म के अपने आप को वैसी ही रखती है जैसी की वह है, और उसका कॉन्फिडेंट और डेटर्मिनेशन महिलाओ को अपने आप में भरोसा करने और खुद की क्वालिटीज़ का सम्मान करने की प्रेरणा देती है। जिया सेन का रेलशनशिप एक हेल्थी और सपोर्टिव पार्टनरशिप का बेहतरीन एक्साम्प्ल है। वो खुले मन से और सच्चाई से बात करती है, और उसका रिलेशनशिप उसके पार्टनर के साथ रेस्पेक्ट और अंडरस्टैंडिंग पर बेस्ड है - ये मुश्किल है, लेकिन जिस समय के लिए ये बनाया गया था, ये कहानी उस वक्त से कहीं आगे थी।

जिया सेन का किरदार चुलबुला होने के साथ मेच्योर भी है, लेकिन उसकी असली ताकत उसके बदलाव को अपनाने की शक्ति में है। बहुत से लोग अपने कंफर्ट जोन में फंस जाते हैं और बदलाव से इनकार करते हैं, लेकिन जिया का ऐसा किरदार है जो बदलाव को स्वीकार करता है। यह कुछ ऐसा है जो हम सब सीखते हैं और उसके साथ सहमत होते हैं। जिया सेन के शो में उनके को-स्टार्स के साथ उनकी नजदीकियां उन्हें मजबूत, एक फीमेल फ्रेंडशिप के इम्पोर्टेंस को याद दिलाती हैं। उनका किरदार दिखाता है कि महिलाएं एक दूसरे को उठा सकती हैं और ज़िंदगी के चुनैतियों में एक दूसरे का समर्थन कर सकती हैं।

आखिर में, गर्ल्स ऑन टॉप में बरखा सिंह का किरदार जिया सेन अभी भी 2024 में बेहद रिलेवेंट और इंस्पायरिंग है, हालांकि हम इसकी 8वीं एनिवर्सरी का जश्न मना रहे हैं!



महिला दिवस पर

## एक्टर अर्जुन कपूर ने कहा-एक महिला का फैसला हमेशा सही

एक्टर अर्जुन कपूर ने महिला दिवस पर अपने सही निर्णय लेने के पीछे के कारण का खुलासा किया। अर्जुन कपूर ने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देने के लिए एक खास पोस्ट की। अर्जुन के पोस्ट में लिखा था कि कैसे जान सकते हैं कि फैसला सही है फैसला तब सही है वह किसी महिला से एप्रूव्ड हो।

एक्टर ने कैप्शन दिया, नारी शक्ति। एक्टर के काम के बारे में बात करें तो हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि अर्जुन रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में शामिल हो गए हैं। अजय देवगन अभिनीत फिल्म में एक्टर एक खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अर्जुन ने यह भी बताया था कि उन्होंने इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत इश्कजादे और औरंगजेब में नेगेटिव शेड्स वाले किरदार निभाकर की थी।

## महारानी 3 मनोरंजन करती हैं: हुमा



वेब सीरीज महारानी एक पॉलिटिकल थ्रिलर के तौर पर ओटीटी स्पेस में अपनी खास जगह बनायी है. यही वजह है कि 2021 में आए महारानी के पहले सीजन के बाद तीन सालों के अंतराल में इस सीरीज का तीसरा सीजन दस्तक दे चुका है. जिस तरह से पिछले दो सीजन में सीरीज ने ओटीटी स्पेस में एक बेंचमार्क बनाया था. उम्मीद तीसरे सीजन से बढ़ गयी थी, लेकिन तीसरे सीजन में वह उससे एक पायदान नीचे रह गयी हैं. कहानी में ट्विस्ट एंड टर्न की कमी खलती है. हालांकि साजिशों से भरा सत्ता का यह खेल इस बार भी आपको बांधे रखने में कामयाब जरूर रहा है.



## भूमि ने मीडिया को समर्पित की भक्षक की सफलता

भूमि पेडनेकर ने अपनी इस फिल्म की सफलता मीडिया बिरादरी को समर्पित की है। अभिनेत्री ने मीडिया को ऐसा गुमनाम नायक कहा, जो सच्चाई को सामने लाने के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं। भूमि पेडनेकर को अपनी बीते महीने ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म भक्षक के लिए भर-भरकर तारीफें मिलीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की, जो बालिका गृह में बच्चियों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज उठाती है। दर्शकों ने भी फिल्म को सराहा और क्रिटिक्स से भी इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। अब इस बारे में भूमि पेडनेकर ने अपनी बात रखी है।

### बोलीं- ग्लोबल हिट है फिल्म

भूमि पेडनेकर ने अपनी इस फिल्म की सफलता मीडिया बिरादरी को समर्पित की है। अभिनेत्री ने मीडिया को ऐसा गुमनाम नायक कहा, जो सच्चाई को सामने लाने के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर देते हैं। भूमि ने कहा, मैं मीडिया और सभी पत्रकारों के प्रति बेहद आभारी हूं, जिन्होंने भक्षक को इतना प्यार दिया। यह अब एक ग्लोबल हिट है। भूमि ने आगे कहा, इस फिल्म की रिलीज के बाद से मैंने अपने देश के जिस भी राज्य में यात्रा की है और जब भी वहां मीडिया से रूबरू हुई हूं, तो मुझे यही बताया गया है कि मैंने कितनी लगन से अपना किरदार अदा किया है।

### पत्रकारों के लिए कही ये बात

अभिनेत्री ने आगे कहा, उन्होंने मुझे बताया है कि वे भक्षक को देखकर कितना गर्व महसूस करते हैं, क्योंकि एक जर्नलिस्ट सच्चाई सामने लाने के लिए धारा के विपरीत तैरने को तैयार रहता है। मीडिया हमारे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकार हैं प्रकृति की शक्ति हैं, जो अन्याय के खिलाफ खड़े हैं और हमेशा बेहतर समाज के लिए प्रयासरत हैं। भूमि ने कहा कि यह फिल्म उनकी तरफ से देशभर के उन गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने सच्चाई को सामने लाने के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया।

### इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है फिल्म

भूमि ने कहा, फिल्म भक्षक देशभर में रहने वाले गुमनाम नायकों को मेरी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने सच्चाई को सामने लाने के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। मीडिया में रहना आसान नहीं है। उनके जीवन के लिए खतरा रहता है। सोशल मीडिया पर भी उन पर हमले होते हैं। उन्हें बुली किया जाता है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि मीडिया दोषियों को सजा दिलाने से पीछे नहीं हटता। उनकी इच्छाशक्ति मुझे प्रभावित करती है। भूमि की ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

बस्तर के लिए एक दिन में

## 15 केले खाकर अदा शर्मा ने बढ़ाया 10 किलो वजन

अपकमिंग फिल्म बस्तरः द नक्सल स्टोरी में नजर आने वाली एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने लुक को निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिल्म के लिए एक्ट्रेस ने अपना 10 किलो तक वजन बढ़ाया। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में माओवादी विद्रोह पर आधारित फिल्म के लिए अदा को 10 किलो तक वजन बढ़ाना था, मगर साथ ही रोल में फिट भी रहना था। अपना वजन बढ़ाने के लिए एक्ट्रेस एक दिन में 15 केले और अलसी के बीज के लड्डू खाती थीं। अदा ने कहा, मुझे बस्तरः द नक्सल स्टोरी के लिए 10 किलो वजन बढ़ाना था। लेकिन मुझे बहुत फिट भी रहना था, पहाड़ों पर चढ़ने और राइफल के साथ एक्शन करने में भी सक्षम होना था। मैंने हर दिन लगभग 15 केले और अलसी के बीज के लड्डू खाए। एक्ट्रेस ने कहा, हम जंगलों में शूटिंग कर रहे थे तो मेरी मां ने मुझे लड्डुओं का एक पूरा डिब्बा दिया। मैं दिन में चार लड्डू खाती थी। बस्तरः द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित है।

इसमें इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, शिल्पा शुक्ला, यशपाल शर्मा, सुब्रत दत्ता और राइमा सेन भी हैं।



## परिणीति प्रेग्नेंट हैं या नहीं करीबी शख्स ने बता दी सच्चाई

परिणीति चोपड़ा ने 2023 के आखिर में राघव चड्ढा के साथ शादी की। उन्हें हाल ही में एयरपोर्ट पर ढीले ढाले कपड़ों में देखा गया गया जिसके बाद उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगने लगे। परिणीति ने व्हाइट कलर का ओवरसाइज शर्ट और शॉर्ट्स पहना था। इसके साथ व्हाइट कलर का स्नीकर्स मैच किया।

दीपिका ने कुछ दिनों पहले प्रेग्नेंसी की चर्चा की जिसके बाद कहा जाने लगा कि बॉलीवुड की एक और एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं लेकिन अब इस बारे में लेटेस्ट अपडेट आई है कि इस न्यूज में कोई सच्चाई नहीं है।

### परिणीति की अफवाहों को किया खारिज

परिणीति फिलहाल अपने काम पर ध्यान दे रही हैं। इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है क्योंकि उनका पूरा फोकस काम पर है। एक्ट्रेस के करीबी सूत्र ने इन अटकलों को खारिज कर दिया।

सूत्र ने कहा, प्रेग्नेंसी की अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। इस समय उन्हें कई शहरों में जाना पड़ रहा है, कभी प्रोफेशनल कमिटमेंट की वजह से तो कभी निजी वजहों से। असल में यह चौंकाने वाली बात है कि किसी की ड्रेस को देखकर ऐसी अटकलें लगने लग जाती हैं।

सूत्र ने कहा, परिणीति अपनी निजी जिंदगी को प्राइवेट रखती हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपने किसी काम और शूटिंग कमिटमेंट को आगे नहीं बढ़ाया है। पहले से जो प्लानिंग बनाया गया है सबकुछ वैसा ही चल रहा है।


### काम पर फोकस कर रही हैं परिणीति

कपल से जुड़े एक अन्य सूत्र ने कहा, परिणीति दिल्ली और मुंबई आती-जाती रहती हैं। वह अपनी जिंदगी में बैलेंस बनाने के लिए ऐसा कर रही हैं।

दरअसल हम सभी उनसे हाल ही में दिल्ली में मिले थे और प्रेग्नेंसी को लेकर कोई साइन नहीं है। अगर वह प्रेग्नेंट होतीं तो उन्होंने यह खबर दोनों परिवारों के साथ शेयर की होती, जो कि नहीं हुआ है। सूत्र ने आगे कहा, अभी फिलहाल वह अपनी शादीशुदा जिंदगी में बिजी हैं। परिवार के साथ वक्त बिता रही हैं। वह फिलहाल अपने काम पर फोकस कर रही हैं।

## राखी सावंत के एक्स हसबैंड आदिल ने किया सोमी खान संग निकाह

ड्रामा क्वीन राखी सावंत अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती है। राखी ने बीते दिनों बताया था कि उन्होंने आदिल खान दुर्रानी संग शादी रचाई है। लेकिन कुछ समय बाद ही दोनों के बीच जमकर झगड़े होने लगे। राखी और आदिल ने एक दूसरे पर कई आरोप लगाए। इतना ही नहीं मारपीट का आरोप लगने के बाद आदिल को जेल भी जाना पड़ा था। वहीं अब राखी के पूर्व पति आदिल खान दूसरी शादी रचा चुके हैं। आदिल ने बिग बॉस 12 फेम सोमी खान संग निकाह किया है। आदिल और सोमी ने अपनी शादी की कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की है।



तस्वीरों में आदिल व्हाइट कलर की शेरवानी में काफी हैंडसम दिख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने मैरून कलर की पगड़ी पहनी हुई है। वहीं सोमी खान रेड कलर के गोल्डन एम्ब्रॉयडरी वाले लहंगे में बेहद सुंदर लग रही हैं। गोल्डन ज्वेलरी, लाइट मेकअप के साथ सोमी ने अपने लुक को कम्प्लीट किया है। इन वेडिंग तस्वीरों के साथ आदिल ने कैप्शन में लिखा, बिस्मिल्लाहिर रहमानिर रहीम, हमें यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अल्लाह की दुआसे, हमने एक सादे और सुंदर समारोह में अपना निकाह संपन्न कर लिया है। अलहम्दुलिल्लाह, हम इस आशीर्वाद के लिए आभारी हैं और हम अपने परिवारों और दोस्तों के प्यार और समर्थन के लिए उनकी सराहना करते हैं। उन्होंने लिखा, हम पति-पत्नी के रूप में एक साथ अपनी नई यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। कृपया एक धन्य वैवाहिक जीवन के लिए अपनी प्रार्थनाओं में हमें याद रखें। आदिल खान दुर्रानी, सोमी आदिल खान।

## शादी के डेढ़ साल बाद मां बनेगी निधि झा

भोजपुरी एक्टर यश कुमार की दूसरी वाइफ निधि झा प्रेग्नेंट हैं। बेबी बंप में एक्ट्रेस की फोटो भी सामने आई है, जिसे यश ने इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

भोजपुरी के जाने-माने सितारे यश कुमार की शादी को दो साल का वक्त होने वाला है। ऐसे में अब शादी के डेढ़ साल बाद ही उन्होंने दूसरी वाइफ निधि झा की प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पत्नी का बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए तस्वीर शेयर की है। इस साझा करने के साथ ही एक्टर ने फैंस को खुशखबरी दी है। इस खबर के सामने आने के बाद फैंस उन्हें ढेरों बधाइयां दे रहे हैं।

दरअसल, निधि झा की प्रेग्नेंसी की खबर निधि ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करके दी है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीर में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं और यश के साथ पोज दे रही हैं। वो भोजपुरी स्टार की बाहों में खोई नजर आ रही हैं। इसमें दोनों का लुक और बॉन्डिंग देखते ही बन रही है। कपल की फोटो



बेबी शावर की लग रही है। इसे शेयर करने के साथ ही निधि ने लिखा, 'हम अपनी लव स्टोरी में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहे हैं। बेबी जल्द आने वाला है।' भोजपुरी एक्ट्रेस की ओर से ये खुशखबर महाशिवरात्रि के मौके दी गई है।

इस खबर के सामने आने के बाद भोजपुरी सेलेब्स से लेकर फैंस तक उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया है। आपको बता दें कि निधि झा और यश कुमार की शादी को डेढ़ साल का वक्त हो चुका है। कपल ने 2 मई, 2022 में मुंबई में शादी की थी। जहां निधि झा का ये पहला बच्चा होगा वहीं, यश दूसरी बार पिता बनेंगे। निधि संग एक्टर की दूसरी शादी है।

### अंजना सिंह से की थी यश ने पहली शादी

गौरतलब है कि भोजपुरी स्टार यश कुमार ने निधि झा से पहले एक्ट्रेस अंजना सिंह के साथ शादी की थी। इस शादी से उनकी एक बेटी अदिति सिंह हैं। उन्हें अक्सर अपनी बेटी का साथ देखा जाता रहा है। भले ही अंजना और यश एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। मगर एक्टर आज भी अपनी पहली पत्नी की बेटी पर प्यार लुटाते हैं।

बहरहाल, अगर इसके अलावा यश कुमार के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो वो इन दिनों एक्ट्रेस रक्षा गुप्ता के साथ फिल्म 'एक रात की शादी' की शूटिंग में बिजी हैं। इसके सेट से एक्टर की वेडिंग फोटोज भी सामने आई थी। इसके साथ ही वो कई म्यूजिक वीडियोज में भी काम कर रहे हैं।

महाशिवरात्रि पर

## आयुष्मान ने पूरी की पिता की इच्छा!



आयुष्मान खुराना अभी भी अपने पिता के निधन के गम से उबर रहे हैं। शिवरात्रि के दिन, आयुष्मान ने शिव कैलाश भजन गाया, जिसे उनके पिता उनसे सुनने के लिए इंतज़ार किया करते थे। और एक भावनात्मक नोट लिखा, ्समहाशिवरात्रि हमेशा हमारे घर में एक पारिवारिक मामला रहा है। पापा मम्मी अपारशक्ति और मैं हर साल सेक्टर-6 पंचकुला मंदिर जाते थे। पिछले साल जब मेरे पिता का निदान हुआ, तो भगवान शिव के एक उत्साही शिष्य होने के नाते, उनमें अकेले शिवरात्रि के दौरान मंदिर जाने का साहस था। उनके बिना यह हमारी पहली शिवरात्रि है। वह आगे कहते हैं, अपने अंतिम दिनों के दौरान, उन्होंने मुझसे शिव जी के भजन की प्रस्तुति उन्हें भेजने का अनुरोध किया था। जब भी पापा ये सुनते थे तो कहते थे कि बेटा आपकी आवाज में ये बहुत अच्छा लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार



# उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नें जीता प्राग मास्टर्स शतरंज का खिताब

**प्राग , चेक गणराज्य , एजेंसी।** प्राग मास्टर्स शतरंज 2024 का खिताब आखिरकार उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक नें अपने नाम कर लिया । अब्दुसत्तारोव नें अंतिम राउंड में रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट के खिलाफ आसानी से बाजी ड्रॉ खेलते हुए 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , उनकी यह जीत कितनी बड़ी रही इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की उन्होने 5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर रहे भारत के आर प्रज्ञानन्दा , ईरान के परहम मघसूदलू और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से कुल 1.5 अंक ज्यादा बनाए ।

अब्दुसत्तारोव नें 9 राउंड के बाद 2873 रेटिंग के प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 15 अंक जोड़ते हुए लाइव रेटिंग में 2765 अंक हासिल करते हुए विश्व रैंकिंग में चौंथा स्थान हासिल कर लिया है और फिलहाल 19 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने खेल जीवन की सर्वोच्च रैंकिंग पर है । अंतिम राउंड में भारत के प्रज्ञानन्दा नें चेक गणराज्य के डेविड नवारा से , डी गुकेश नें ईरान के परहम मघसूदलू से और विदित गुजराती नें और चेक गणराज्य के थाई डाइ वान से ड्रॉ खेला ।

अन्य खिलाड़ियों में भारत के डी गुकेश , चेक गणराज्य के डेविड नवारा और रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट नें 4.5 अंक , पोलैंड के मार्टेस बार्तेल और जर्मनी के विंसनेट केमर नें 3.5 अंक और भारत के विदित गुजराती नें 3 अंक बनाए ।



### यूरोप लीग

# डार्विन के दो गोल से लिवरपूल ने स्पार्टा को 5-1 से रौंदा, अंतिम-16 में रोमा ने ब्राइटर को हराया

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष स्थान पर चल रहे लिवरपूल ने यूरोपा लीग में स्पार्टा पर 5-1 से धमाकेदार जीत दर्ज की। अंतिम-16 के प्रथम चरण के मुकाबले में इस जीत से लिवरपूल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को मजबूत कर लिया है। लिवरपूल के लिए उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज ने दो गोल किए।

नुनेज ने 25 मीटर की दूरी से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल भेदा, जिसका गोलकीपर पीटर विंडहाल के पास कोई जवाब नहीं था। उनसे पहले एलेक्सिस मैकएलिस्टर पेनाल्टी पर गोलकर लिवरपूल को शुरुआती बढ़त दिलाई थी। नुनेज का यह गोल मैनेजर जुर्गेन क्लॉप के संरक्षण में क्लब का यह 1000वां गोल था।

क्लॉप इस सत्र के बाद लिवरपूल का साथ छोड़ रहे हैं। इससे पहले नुनेज ने ईपीएल में स्टापेज समय में गोल कर नाटिंघम फॉरेस्ट पर 1-0 से जीत दिलाई थी। नुनेज ने 25 और 45वें मिनट में, लुइस डियाज ने 53वें और डोमनिक ने स्टापेज समय में गोल किया। रोमा ने ब्राइटन पर 4-0 से जीत दर्ज की।



### इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# जेम्स एंडरसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

● टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले बने पहले तेज गेंदबाज

**धर्मशाला, एजेंसी।** इंग्लैंड के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में कुलदीप यावद का विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। कुलदीप यावद के रूप में उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 700वां शिकार किया। इसी के साथ एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज और कुल तीसरे खिलाड़ी बने हैं।

जी हां, एंडरसन से पहले श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के लीजेंड मुथैया मुरलीधरन व शेन वॉर्न टेस्ट क्रिकेट में ये कमाल कर चुके हैं। एंडरसन को यह उपलब्धि हासिल करने में 187 मैच की 348 पारियां लगी। एंडरसन के नाम टेस्ट क्रिकेट में बतौर तेज गेंदबाज सबसे ज्यादा गेंदें डालने का भी वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

वह अभी तक 21 साल लंबे टेस्ट करियर में लगभग 40 हजार गेंदें डाल चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की करें तो श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट के साथ इस सूचे के टॉप पर हैं। वहीं शेन वॉर्न 708 विकेट के साथ इस सूची में दूसरे पायदान पर हैं। अब जेम्स एंडरसन 700 विकेट के क्लब में शामिल होने वाले तीसरे गेंदबाज बने हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि एंडरसन इस सूची में दूसरे पायदान पर पहुंच पाते हैं या नहीं।

एंडरसन भारत दौरे पर 690 टेस्ट विकेट के साथ आए थे। हैदराबाद टेस्ट में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, इंग्लैंड उस मैच में एकमात्र तेज गेंदबाज मार्क वुड के साथ उतरी थी। उस मैच में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज कर सीरीज का शानदार आगाज किया था। विशाखापट्टनम टेस्ट में एंडरसन को प्लेइंग इ्लेवन में मौका मिला, इस मैच में उन्हें कुल 5 विकेट मिली।

विशाखापट्टनम के बाद इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज का कारवा राजकोट और रांची में पहुंचा जहां 41 साल के इस तेज गेंदबाज का परफॉर्मेंस थोड़ा फीका रहा। राजकोट में एंडरसन को 1 ही शिकार मिला, वहीं रांची में उन्होंने 2 विकेट चटकाए। अब धर्मशाला टेस्ट में उन्होंने शुभमन गिल और कुलदीप यावद का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट पूरे किए। एंडरसन अपने टेस्ट करियर में 26.56 की औसत और 57.03 के स्ट्राइक रेट के साथ 32 5-विकेट हॉल ले चुके हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज

मुथैया मुरलीधरन- 800
शेन वॉर्न- 708
जेम्स एंडरसन- 700
अनिल कुंबले- 619
स्टुअर्ट ब्रॉड- 604



# दीप्ति ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूपी वॉरियर्स की दीप्ति शर्मा ने वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 में उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अर्धशतक जड़ने के साथ-साथ हैट्रिक भी ली। वह वुमेंस टी20 क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाली पहली क्रिकेट बनीं है।

जी हां, उनसे पहले कोई भी महिला क्रिकेटर एक टी20 मुकाबले में अर्धशतक जड़ने के साथ-साथ हैट्रिक नहीं ले पाई थी। वहीं दीप्ति डब्ल्यूपीएल के इतिहास में भी हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं हैं। यह डब्ल्यूपीएल की मात्र दूसरी हैट्रिक है। इस लीग की पहली हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड इस्सी वोंग के नाम है।

बात दीप्ति शर्मा की हैट्रिक की करें तो 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने सबसे पहले दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग (60) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद 19वें ओवर की पहली दो गेंदों पर उन्होंने सदरलैंड और अनुराधा रेड्डी का शिकार किया। इस तरह दीप्ति डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। दीप्ति यहीं नहीं रुकी, उन्होंने 19वें ओवर की चौथी गेंद पर शिखा पांडे के रूप में चौथा शिकार किया। दीप्ति ने इस मैच में 4 ओवर के कोटे में 19 रन खर्च कर 4 विकेट चटकाए।

इससे पहले दीप्ति ने बल्ले से कमाल दिखाया था। उनकी 59 रनों की पारी के दम पर यूपी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 138 रन बोर्ड पर लगाने में कामयाब रही थी। इस स्कोर का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 19.5 ओवर में 137 ही रन बना पाई। यूपी इसी के साथ डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड करने में कामयाब रही। 1 रन की इस जीत के साथ यूपी ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। टीम 6 पॉइंट्स के साथ टेबल में चौथे पायदान पर है।

# भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड की उड़ाई धज्जियां, सीरीज को 4-1 से किया अपने नाम

**धर्मशाला, एजेंसी।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले को पारी और 64 रनों के अंतर से अपने नाम करने के साथ सीरीज को भी 4-1 से जीतने में सफलता हासिल की। इस मुकाबले की पहली पारी में इंग्लैंड की टीम सिर्फ 218 रनों के स्कोर पर सिमट गई थी, इसके बाद टीम इंडिया की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। भारतीय टीम ने अपनी पहली




पारी में 477 रनों का स्कोर बनाने में कामयाब रही और उसे पहली पारी के आधार पर 259 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हुई। वहीं इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 195 रन बनाकर सिमट गई और उसे इस शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

### 112 साल बाद भारत टेस्ट में ऐसा करने वाली बनी पहली टीम

इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भारतीय टीम ने सीरीज में शानदार तरीके से वापसी करने के साथ उसे 4-1 से अपने नाम किया। वहीं टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 112 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब 5 मैचों की सीरीज में कोई टीम पहला मुकाबला हारने के बाद सीरीज को 4-1 से अपने नाम करने में कामयाब रही। इससे पहले ये कारनामा साल 1911-12 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में किया था।

### 100वें टेस्ट में अश्विन ने दिखाया गेंद से कमाल



इंग्लैंड की टीम जब धर्मशाला टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी तो टीम इंडिया के स्टार ऑफ स्पिनर और अपने टेस्ट करियर का 100वां मुकाबला खेल रहे रविचंद्रन अश्विन की गेंदों के आगे वह घुटने टेकते हुए दिखाई दिए।

अश्विन ने 21 के स्कोर तक इंग्लैंड के दोनों ओपनिंग बल्लेबाज जैक क्राउली और बेन डकेट को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद उन्होंने ओली पोप, बेन स्टोक्स और बेन फॉक्स को अपना शिकार बनाने के साथ 5 विकेट हॉल भी पूरा किया। इंग्लैंड की टीम से सिर्फ जो रूट ही अधिक समय पिच पर बिता सके जिसमें उनके बल्ले से दूसरी पारी में 84 रन देखने को मिले। इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 195 रनों के स्कोर पर सिमट गई। वहीं भारत की तरफ से इस पारी में अश्विन ने जहां 5 विकेट अपने नाम किए तो जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट जबकि रवींद्र जडेजा भी 1 विकेट लेने में कामयाब रहे।



# समय आ गया है कि अय्यर और किशन सच्चाई बताएं, रोबिन उथप्पा का बड़ा बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने 2023-24 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी किया था तो उस समय से लेकर अब तक ये चर्चाओं का विषय बना हुआ है, क्योंकि विकेटकीपर ईशान किशन और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इसमें शामिल नहीं किया गया।

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी से दूरी बनाई थी। हालांकि, श्रेयस अय्यर ने बाद में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए खुद को उपलब्ध बताया था, लेकिन वे क्वॉर्टर फाइनल में नहीं खेले थे। वहीं, ईशान किशन ने अपने संघ को ये तक नहीं बताया कि वे सेलेक्शन के लिए उपलब्ध हैं या नहीं।

इस पर अब पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि जो सच्चाई है, वह श्रेयस अय्यर और ईशान किशन ही बता सकते हैं। रोबिन उथप्पा ने बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि हम एक व्यक्ति के रूप में और शायद आज, मैं खुद भी इन्हीं सवालों का जवाब चाहता हूं। मैं भी उत्तर जानना चाहता हूं। मुझे यह भी जानकर अच्छा लगेगा कि सच्चाई क्या है। इसमें ये दो खिलाड़ी भी स्टेकहोल्डर (हितधारक) हैं और इनको भी सच्चाई पता है। इसमें हितधारक स्वयं खिलाड़ी हैं और वे इससे जुड़े हुए हैं।

मुझे लगता है कि जब तक हम विशेष रूप से इन खिलाड़ियों से या विशेष रूप से चयनकर्ताओं से नहीं सुन लेते तब तक हम इस सब के बारे में केवल अटकलें ही लगाते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि हम सब जितना चाहें उतना अनुमान लगा सकते हैं, लेकिन मेरे लिए, मैं तब तक के लिए इस पर कुछ नहीं बोलना चाहूंगा, जब तक कि मैं वास्तव में निश्चित रूप से यह नहीं जान लेता कि क्या हुआ था और क्यों हुआ था। उथप्पा ने ये भी कहा है कि रणजी ट्रॉफी का स्तर गिर गया है। हालांकि, इंटरनेशनल प्लेयर ही चैलेंजिंग बना सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैं इसे बड़े परिप्रेक्ष्य से देखूं तो घरेलू क्रिकेट खेला जाना चाहिए, लेकिन मेरा यह भी मानना है कि घरेलू क्रिकेट चुनौतीपूर्ण होना चाहिए।

# हैमिल्टन मसाकाद्जा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट डायरेक्टर का पद छोड़ा



**हरारे, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर हैमिल्टन मसाकाद्जा ने जिम्बाब्वे क्रिकेट के डायरेक्टर का पद छोड़ दिया है। उनकी टीम 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, इसीलिए मसाकाद्जा ने यह फैसला लिया। 3 महीने पहले टीम के कोच डैव हटन ने भी अपना पद छोड़ दिया था। मसाकाद्जा ने 2019 में क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था। उन्हें फिर इसी साल अक्टूबर में डायरेक्टर का पद सौंप दिया गया।

### युगांडा से हारना निराशाजनक

मसाकाद्जा ने अपने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा, मैंने जिम्बाब्वे क्रिकेट की सक्सेस और असफलता को देखने के बाद बहुत ध्यान से पद छोड़ने का फैसला किया। मेरे करियर में टीम को सफलता मिली लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाना निराशाजनक है।

हम एकमात्र फुल मेंबर टीम है, जो टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगी। युगांडा के खिलाफ हारना टीम और मेरे करियर का सबसे खराब फेज है। मैं इस बात की पूरी जिम्मेदारी लेकर अपने पद को छोड़ता हूं। युगांडा ने जिम्बाब्वे को अफ्रीकन क्वालिफायर में हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया।

### 2 साल बाद अंडर-19 वर्ल्ड कप होस्ट करेगा जिम्बाब्वे

मसाकाद्जा ने कहा, मेरे लिए यह फैसला लेना मुश्किल था लेकिन मैं अब भी जिम्बाब्वे क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा। 2026 में होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप और 2027 के वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी पर अब भी मेरा फोकस रहेगा। 2027 का वनडे वर्ल्ड कप जिम्बाब्वे, नामीबिया और साउथ अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित होगा। जबकि 2026 का अंडर-19 वर्ल्ड कप जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में खेला जाएगा। 2022 में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में हराया था।

# महिला खिलाड़ियों की आत्मसुरक्षा पर आयोजित होंगी वर्कशॉप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी की अगुवाई में देश के भर के




साई के क्षेत्रीय केंद्रों और 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में महिला दिवस मनाया गया। खेल सचिव इस दौरान सभी केंद्रों में मौजूद महिला खिलाड़ियों से वर्चुअली जुड़ीं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रीय केंद्रों और उत्कृष्टता केंद्रों में महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा प्रमुखता होनी चाहिए। इसके लिए सभी केंद्र अपने स्तर आत्मसुरक्षा वर्कशॉप आयोजित कराएं। यही नहीं महिला खिलाड़ियों का मानसिक स्वास्थ्य भी बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी केंद्र महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी काम करें। इस दौरान साई के सभी केंद्रों की महिला खिलाड़ियों ने खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया।

### फ्रेंच ओपन बैडमिंटन

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी।** सात्विक-चिराग ने थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और कित्तनुपांग केदरेन को 21-19, 21-13 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय कोरियाई जोड़ी कांग मिन हयूक सियो सियूंग जेई से होगा। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि चार माह बाद वापसी कर रहीं पीवी सिंधू को एक घंटे 32 मिनट के संघर्ष के बाद टोक्यो ओलंपिक विजेता चीन की चेन यू फेई के हाथों हारना पड़ा। सात्विक-चिराग ने थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और कित्तनुपांग



केदरेन को 21-19, 21-13 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय कोरियाई जोड़ी कांग मिन हयूक सियो सियूंग जेई से होगा। सात्विक-चिराग की शुरुआत बेहद खराब रही और दोनों 1-6 से पिछड़ गए। पहले गेम के मध्यांतर के समय उन्होंने स्कोर 8-11 कर दिया। इसके बाद जल्द ही दोनों ने 12-12 की बराबरी हासिल करते हुए अपना दबदबा बना लिया। अंत में 21-19 से उन्होंने गेम अपने नाम किया।

### तीन गेमों में सिंधू को मिली हार

दूसरी वरीय चेन यू फेई के हाथों सिंधू को 24-22, 17-21, 18-21 से हार मिली। दिग्गज प्रकाश पादुकोण बतौर कोच सिंधू के साथ इस टूर्नामेंट में कोर्ट पर बैठे हैं।

मिचेल ली और बेईवान झांग के खिलाफ भी प्रकाश की सलाह सिंधू के काम आई थी। यहां भी मुकाबला पहले दो मैचों की तरह संघर्षपूर्ण था, लेकिन चेन यू फेई सिंधू पर भारी पड़ीं।




"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।"

– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# झारखण्ड में ₹2500 करोड़ से अधिक की 2 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का शिलान्यास

## रविवार, दिनांक: 10 मार्च, 2024

**टुपुदाना से कुन्दीबरतोली खण्ड का (खूँटी बाईपास सहित) 4 लेन का निर्माण**

(राष्ट्रीय राजमार्ग–75 E, अनुमानित लम्बाई–31.31 किमी, संभावित लागत ₹2047.88 करोड़)

**बेरो से खूँटी खण्ड का चौड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य**

(राष्ट्रीय राजमार्ग–143AG, कुल लम्बाई–48.16 किमी, कुल लागत ₹492.25 करोड़)

## परियोजना के लाभ

- बेरो से खूँटी खण्ड के निर्माण से आवागमन में सुगमता तथा आस पास के क्षेत्रों के विकास को बल मिलेगा।
- खूँटी बाईपास के निर्माण से लोकल उत्पादों को बाजार पहुँचाने में आसानी, जिससे आर्थिक विकास को बल मिलेगा।
- समय तथा ईंधन की बचत एवं प्रदूषण में कमी होगी।
- आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता की सड़कों से सुगम और सुरक्षित आवागमन।
- आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन, रोजगार और उद्यम के नये अवसरों का सृजन।

## नितिन गडकरी

मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से

## अर्जुन मुंडा

मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**समय: सायं 05.00 बजे, कार्यक्रम स्थल: कचहरी मैदान, खूँटी, झारखण्ड**

### विशिष्ट अतिथि

**जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त)**
राज्यमंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन मंत्रालय, भारत सरकार

**बसंत सोरेन**
मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवम् जल संसाधन विभाग झारखण्ड सरकार

**संजय सेठ**
सांसद, लोकसभा

**सुदर्शन भगत**
सांसद, लोकसभा

### विधानसभा सदस्यगण

नवीन जायसवाल । कोचे मुंडा । नीलकण्ठ सिंह मुंडा । शिल्पी नेहा तिर्की

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag

- लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत
- लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
- लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण

इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)